रोहतक शुक्रवार, 10 मई 2024 वैशाख मास कृष्ण पक्ष, द्वितीय+तृतीया वर्ष : 28 अंक : 103 पृष्ठ 12 मूल्य 3.00 मौसम अधि. 41.0, न्यून. 26.4 haribhoomi.com





# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




# कांग्रेस ने गवर्नर से समय मांगा, जजपा ने पत्र लिखा, लेकिन भाजपा 'निश्चिंत'

**हुड्डा बोले, अल्पमत में प्रदेश सरकार, नायब सिंह सैनी इस्तीफा दें**

**दुष्यंत ने राज्यपाल से सैनी सरकार का फ्लोर टेस्ट करवाने की मांग की**

**सीएम बोले, समय आने पर सत्र बुलाएंगे, दुष्यंत व हुड्डा को जल्दबाजी क्यों**


योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़


प्रदेश में तीन निर्दलीय विधायकों द्वारा भाजपा की नायब सिंह सैनी सरकार से समर्थन वापस लेने बाद से सियासी घमसान मचा हुआ है। गुरुवार को कांग्रेस ने राज्यपाल से मिलने का समय मांगा है, वहीं, इनेलो विधायक अभय चौटाला और जजपा नेता एवं पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने भी राज्यपाल को पत्र लिखकर सरकार का बहुमत परीक्षण करवाने की मांग की है। लेकिन इस सबके बावजूद सरकार निश्चिंत है। कांग्रेस, इनेलो और जजपा का कहना है कि सैनी की अगुआई वाली राज्य सरकार बहुमत खो चुकी है। सीएम सैनी को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। उनके पास सीएम पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है। इस बीच, भाजपा सरकार से समर्थन वापस लेने वाले पुंडरी विधायक रणधीर गोलन, नीलोखेड़ी से धर्मपाल गोंदर और चरखी दादरी से विधायक सोमवीर सांगवान ने राज्यपाल को समर्थन वापसी का पत्र सौंप दिया। इस बीच पूर्व सीएम मनोहर लाल पानीपत में राज्यमंत्री महिपाल ढांडा के घर पहुंचे। यहां उन्होंने जजपा के देवेंद्र बबली, जोगीराम सिहाग और सूरजाखेड़ा से मीटिंग की। इससे पहले मनोहर ने कहा था कि अनेक विधायक उनके संपर्क में हैं। सरकार को खतरा नहीं।

**दुष्यंत को जजपा विधायक दल के नेता पद से हटाने की मुहिम तेज**

- इनेलो विधायक अभय चौटाला भी आक्रामक राज्यपाल को भेजा पत्र
- राष्ट्रपति शासन लागू कर चुनाव करवाने की मांग उठाई
- पानीपत में पूर्व सीएम मनोहर से मिले जजपा के 3 विधायक
- राज्यमंत्री ढांडा के घर मुलाकात, बबली, सिहाग और सूरजाखेड़ा पहुंचे
- हुड्डा ने दुष्यंत से कहा, पहले सभी दस विधायकों को परेड कराएं, हम भी तैयार







### इतनी जल्दबाजी क्यों : सीएम

जजपा के फ्लोर टेस्ट की मांग पर सीएम नायब सैनी ने कहा कि हम सत्र भी बुलाएंगे और विश्वास मत भी हासिल करेंगे। एक महीने पहले ही विश्वास मत हासिल किया है। इन्हें ज्यादा जल्दी नहीं होनी चाहिए। अभी एक महीने पहले ही सत्र बुलाया गया था, तब दुष्यंत कहां थे, वे तो सत्र में ही नहीं आए। जब समय आएगा, तब सत्र बुलाएंगे। दुष्यंत ने साढ़े चार साल सरकार का आनंद लिया, अब बाहर हैं।

### दुष्यंत से नाराज चल रहे विधायक

सूत्रों का कहना है कि जजपा के अधिकांश विधायक दुष्यंत से नाराज चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि मंत्री महिपाल ढांडा निवास पर तीन बागी विधायकों देवेंद्र बबली, जोगीराम सिहाग व सूरजाखेड़ा ने पूर्व सीएम मनोहर लाल से मुलाकात की है। नारनौंद से रामकुमार गौतम शुरुआती दिनों से नाराज हैं। शाहाबाद से रामकरण काला कांग्रेस की तरफ जाने के संकेत दे चुके हैं। चीका विधायक ईश्वर सिंह, रामनिवास सुरजाखेड़ा भी नाराज बताए जा रहे हैं।

### हुड्डा की भाजपा को चुनौती

हुड्डा ने राज्यपाल को पत्र लिखकर भाजपा को चुनौती दी है कि उनके पास बहुमत है, तो राज्यपाल के सामने विधायकों की परेड कराएं और विधानसभा सत्र बुलाकर बहुमत साबित करें। जजपा पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास 30 विधायक हैं। दुष्यंत के सभी दस विधायक साथ में हैं, तो वे भी राज्यपाल के सामने परेड करा दें। पूरा विपक्ष मिल जाए, तो संख्या 45 बनती है।

*इनेलो के एकमात्र विधायक अभय चौटाला ने भी राज्यपाल को पत्र लिखकर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन की मांग की है। उनका कहना है कि यह सरकार विधानसभा सत्र बुलाने का अधिकार भी खो चुकी है।*

### कांग्रेस ने आज मिलने का समय मांगा

कांग्रेस विधायक दल के उपनेता आफताब अहमद, मुख्य सचेतक बीबी बत्रा व पार्टी के अन्य नेताओं ने राज्यपाल को पत्र लिखकर 10 मई को मुलाकात का समय मांगा है, क्योंकि भाजपा सरकार बहुमत खो चुकी है। अल्पमत की असंवैधानिक सरकार चल रही है। राज्यपाल को विधायकों की समक्ष परेड का समय देना चाहिए।

### यह कहा जजपा ने

पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत ने राज्यपाल को पत्र लिखा। उन्होंने राज्यपाल से सत्र बुलाकर फ्लोर टेस्ट की मांग कर दी है। उन्होंने कहा, वे मौजूदा सरकार का समर्थन नहीं करते और किसी भी दूसरे राजनीतिक दल द्वारा सरकार बनाने में समर्थन के लिए हमारे दरवाजे खुले हैं। सरकार अल्पमत में है। सरकार फ्लोर टेस्ट पास करे।

### बहुमत से चुनेंगे विधायक दल का नया नेताः बबली

जजपा विधायक बहुमत से दुष्यंत को विधायक दल के नेता पद से हटा सकते हैं। जिसके लिए टोहाना के विधायक देवेंद्र बबली जोर शोर से जुटे हुए हैं। जजपा के विधायकों से संपर्क साधा जा रहा है। परिणाम अगले तीन चार दिन में सामने आने की उम्मीद हैं। वीरवार को देवेंद्र बबली ने इसकी पुष्टि की है।

# लोकसभा चुनाव के बीच आबादी पर सियासत गरम

**भाजपा का हमला, कांग्रेस ने लोगों का भरोसा तोड़ा, भारत को इस्लामिक स्टेट बनाना चाह रही**

**कांग्रेस ने कहा, भाजपा अपने हिसाब से मुद्दे बना रही, लोगों को गुमराह किया जा रहा**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बीच आई प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) की एक रिपोर्ट पर देश में सियासी घमासान मचा हुआ है। ये रिपोर्ट इकोनॉमिस्ट शमिका रवि, अब्राहम जोस और अपूर्व कुमार मिश्रा ने तैयार की है। रिपोर्ट में 167 देशों में 1950 से 2015 के बीच आए डेमोग्राफिक बदलावों का विश्लेषण किया गया है, लेकिन बवाल मचा है भारत में मुस्लिमों की बढ़ती और हिंदुओं की घटती आबादी पर। रिपोर्ट के अनुसार 1950 से 2015 के बीच भारत में हिंदुओं की आबादी 7.82 प्रतिशत घट गई है, जबकि इसी दौरान मुस्लिमों की आबाद में 43.15 फीसदी का इजाफा हुआ है। हिंदू, जैन, पारसी इनकी आबादी घटी है जबकि मुस्लिम, ईसाई और सिखों की आबादी बढ़ी है। रिपोर्ट में आंकड़ों के हवाले से कहा गया है कि भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित हैं और फल-फूल रहे हैं। लेकिन लोकसभा चुनाव के दौरान आई इस रिपोर्ट ने सियासी पारा चढ़ा दिया है। भाजपा जनसांख्यिकी में आए इस बदलाव को लेकर सीधे-सीधे कांग्रेस पर हमलावर है। भाजपा का कहना है कि यही हाल रहा तो हिंदुओं के लिए कोई देश नहीं बचेगा। विपक्ष के नेता इस रिपोर्ट को भटकाने वाली करार दे रहे हैं।





### किसने क्या कहा

**भाजपा**

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर हमला करते हुए कहा कि ऐसा लग रहा है कि ये सभी मिलकर भारत में गजवा ए हिंद करना चाहते हैं। भारत को इस्लामिक स्टेट बनाने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं भाजपा आईटी सेल के मुखिया अमित मालवीय ने कहा कि कांग्रेस के दशकों के शासन ने हमारे साथ ये किया है। अगर उन पर छोड़ दिया जाए तो हिंदुओं के लिए कोई देश ही नहीं बचेगा।'

**कांग्रेस**

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा, 'हमें उन मुद्दों पर बात करनी चाहिए, जो लोगों के जीवन से जुड़े हैं। भाजपा अपने हिसाब से मुद्दे बनाती है। यह लोगों को तोड़ना चाह रही।

**एआईएमआईएम**

एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने इस रिपोर्ट को व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट बताकर खारिज कर दिया।

## खबर संक्षेप

### यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने बजरंग को निलंबित किया

**नई दिल्ली।** कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डोप परीक्षण कराने के लिए इनकार करने पर बजरंग पूनिया को अस्थाई तौर पर निलंबित करने के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के फैसले के बाद उन्हें साल के अंत तक निलंबित कर दिया है। हालांकि हैरानी भरे फैसले में नाडा के निर्णय की जानकारी होने के बावजूद साइ ने बजरंग की ट्रेनिंग के लिए नौ लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। भाषा


### एयर इंडिया एक्सप्रेस के पायलटों की हड़ताल खत्म

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग ने हड़ताल वापस ले ली। एयरलाइन प्रबंधन के चालक दल के सदस्यों के मुद्दों पर गौर करने के आश्वासन के बाद यह कदम उठाया गया है। वहीं एयरलाइन ने चालक दल के 25 सदस्यों की बर्खास्तगी का पत्र वापस लेने पर सहमति जताई है। एयरलाइन ने मंगलवार रात से 170 उड़ानों को रद किया है।

**यूपी के बरेली में दिल दहला देने वाला मामला आया सामने**

# युवती का अपहरण, रेप, धर्म परिवर्तन और फिर हत्या!

**बरेली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बरेली में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक मुस्लिम युवक ने एक हिंदू छात्रा का जबरन धर्म परिवर्तन करवाया और उसके साथ रेप करने के बाद उसे चलती ट्रेन के आगे फेंककर उसकी निर्मम हत्या कर दी। इस वारदात के बाद कई घंटे तक दो जिलों की पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। फिर जब हिंदू संगठनों ने हंगामा किया तो 12 घंटे बाद मुकदमा दर्ज किया गया। यहां 12वीं की छात्रा की फरियाद नाम के लड़के ने ट्रेन के आगे फेंककर हत्या कर दी है। आरोप है कि फरियाद ने छात्रा के साथ रेप किया और फिर उसका धर्म परिवर्तन भी करवा दिया। इसके बाद छात्रा का अपहरण किया और फिर उसे फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र में चलती ट्रेन के आगे फेंक कर हत्या कर दी।



**आरोपित फरियाद गिरफ्तार**

इस मामले में एसपी साउथ मानुष पारिक ने कहा कि एक छात्रा का शव रेलवे ट्रैक पास मिला है। उसके शव का शाहजहांपुर पुलिस ने छात्रा का पोस्टमार्टम करवाया। साथ ही आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आरोपित फरियाद के खिलाफ धर्म परिवर्तन अधिनियम, पॉक्सो, रेप, अपहरण और हत्या जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सेंसेक्स धड़ाम, निवेशकों के 7.6 लाख करोड़ डूबे

**मुंबई(भाषा)।** शेयर बाजार में गुरुवार को मई महीने की दूसरी बड़ी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 1062 अंक गिरकर 72,404 पर बंद हुआ। इससे पहले 3 मई को 1139 अंक लुढ़का था। वहीं, निफ्टी में भी 345 अंक की गिरावट आई। निफ्टी 21,957 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में गिरावट और 5 में तेजी देखने को मिली। बाजार की इस गिरावट में निवेशकों के 7.6 लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 400 लाख करोड़ से 393.34 लाख करोड़ पर आ गया। *पेज-4 भी देखें*

### एनबीएफसी सोने के बदले 20,000 से ज्यादा का कर्ज न दें : आरबीआई

**नई दिल्ली (भाषा)।** आरबीआई ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से कहा है कि वे आयकर कानूनों के अनुरूप सोने के बदले कर्ज देते समय 20,000 रुपये से अधिक नकद भुगतान न करें। रिजर्व बैंक ने इस सप्ताह की शुरुआत में सोने के बदले कर्ज देने वाले वित्त प्रदाताओं और सूक्ष्म-वित्त संस्थानों को दी गई एक सलाह में उन्हें आयकर अधिनियम की धारा 269एसएस का पालन करने के लिए कहा है। आयकर अधिनियम की धारा 269एसएस में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति भुगतान के तरीकों के अलावा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा की गई जमा स्वीकार नहीं कर सकता है।

# ईडी का हलफनामा, चुनाव प्रचार मौलिक अधिकार नहीं



ईडी ने कहा, कानून सबके लिए बराबर अंतरिम जमानत पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली (भाषा)।** ईडी ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को हलफनामे के जरिये उच्चतम न्यायालय में विरोध दर्ज कराया और कहा कि चुनाव में प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है और न ही संवैधानिक। उच्चतम न्यायालय में दाखिल एक नए हलफनामे में, ईडी ने कहा कि किसी भी नेता को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत नहीं दी गई है, भले ही वह चुनाव नहीं लड़ रहा हो। 'इस बात को ध्यान में रखना प्रासंगिक है।

**टिप्पणी** सुप्रीम कोर्ट ने कहा, इससे मनोवैज्ञानिक दबाव होगा कम

# ओपन जेल कैदियों की भीड़ का समाधान, दिन में काम करके शाम को घर लौट सकते हैं बंदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि देश में ओपन जेल बनाने से जेलों में बढ़ती कैदियों की संख्या की समस्या का समाधान हो सकता है। कोर्ट ने कहा कि ओपन या सेमी ओपन जेल कैदियों को दिनभर जेल परिसर से बाहर काम करने और शाम वापस जेल में लौटने का ऑप्शन देती हैं। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि ओपन जेल कैदियों को समाज में घुलने-मिलने और उनके मनोवैज्ञानिक दबाव को कम करने में भी मदद करेगी। साथ ही कैदियों की आजीविका में भी सुधार करेगा।

### देशभर में हो विस्तार

जेल और कैदियों की हालत से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मौजूदा दौर में राजस्थान में ओपन जेल की व्यवस्था पर अच्छे ढंग से काम हो रहा है। कोर्ट चाहता है कि देशभर में ओपन जेल का विस्तार हो। ओपन जेल कैदियों को समाज में घुलने-मिलने में मददगार साबित होंगी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले के माध्यम से हम अन्य अदालतों में चल रहे जेल और कैदियों से जुड़ें लंबित मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेंगे।



### सुझाव पर 24 राज्यों ने भेजे जवाब

सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि एजेंसी ने ओपन जेल को लेकर सभी राज्यों से उनके विचार मांगे थे। इस पर अब तक 24 राज्यों ने अपना जवाब भेजे हैं। मामले में न्यायमित्र (एमिकस क्यूरे) के तौर पर काम कर रहे सीनियर वकील विजय हंसारिया ने कैदियों में लॉ अवेयरनेस की कमी का हवाला देते हुए कहा कि दोषियों को बताया नहीं जाता कि वे कानूनी सेवा प्राधिकरण के जरिए अपीलीय अदालतों में जाकर अपने मामले से जुड़ी कमियों को दूर करवा सकते हैं और सजा से बच सकते हैं।

**अब 16 को सुनवाई** कोर्ट ने एनएएलएसए के वकील और सीनियर वकील विजय हंसारिया से मामले में आगे भी न्यायमित्र के तौर पर कोर्ट की सहायता करने का अनुरोध किया है। मामले की अगली सुनवाई 16 मई को होगी।



# सिरसा में चुनाव प्रचार ने पकड़ा जोर, उम्मीदवारों में स्थानीय मुद्दों को लेकर बेरुखी

## भाजपा प्रत्याशी प्रधानमंत्री का विजन और कांग्रेसी राहुल गांधी की योजनाएं बता रहे

सुरेंद्र असीजा ▸▸ फतेहाबाद

सिरसा संसदीय सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अशोक तंवर को टिकट मिले 50 दिन से ऊपर हो गए हैं। अब तक अशोक तंवर गांव-गांव, शहर-शहर के साथ डोर टू डोर कैम्पेन कई दौर में पूरा कर चुके हैं। दूसरी ओर कांग्रेस की कुमारी सैलजा के अभी गांव तो दूर, शहरों के दौरे भी पूरे नहीं हुए। दरअसल कांग्रेस उम्मीदवार के साथ विधानसभा स्तर के टिकट का चाहवान ही साथ लगे है। बाकी कांग्रेस के कार्यकर्ता वहीं के वहीं है,





जहां वह पहले रह रहे थे। यानि कि इस समय कांग्रेस के साथ कोई भी कार्यकर्ता नहीं चल रहा। जो चल रहे हैं वह सिर्फ नेता हैं। कांग्रेस की प्रत्याशी कुमारी सैलजा ने अब तक फतेहाबाद में केवल एक रोड शो किया है। उसमें भी खुली जीप में सवार सभी 9 हलकों में से 9 नेता ही थे। अन्य कार्यकर्ताओं को न पूछ हो रही है और न ही उन्हें बुलाया जा रहा है। रही कांग्रेस के सिपहसलाहकारों की बात, वह मात्र सोशल मीडिया पर कार्यक्रम की सूचना डालकर इतिश्री कर रहे हैं। यही कारण है कि कांग्रेस व भाजपा कार्यकर्ताओं की अप्रोच में बुनियादी फर्क ही नतीजों में जमीन-आसमान का अंतर ले आया है।

**रेलवे व मेडिकल जैसे आवश्यक मुद्दों को भी भूले:** दरअसल जब सैलजा को टिकट की घोषणा हुई थी तो उन्हें लगता था कि यहां 26 साल पहले जैसे हालात हैं। हलके में प्रवेश करते ही उनके साथ हुड्डा गुट के सभी नेता ऐसे साथ लगे कि उन्हें लगने लगा कि अब उन्हें जीतने से कोई रोक नहीं सकता। कांग्रेस के नेता तो यहां तक कह रहे हैं कि वे सिरसा लोकसभा की सभी 9 विधानसभा सीटों पर लीड बनाए हुए हैं। यहां कांग्रेस इतने ओवर कॉन्फिडेंस में है कि वह भाजपा उम्मीदवार अशोक तंवर के सामने अपने ही हलकों की मांगें ही नहीं गिना पा रहे। अगर भाजपा उम्मीदवार पीएम मोदी के विजन को रखते है तो कांग्रेसी कांग्रेसी मुद्दों की बात करने की बजाय राहुल गांधी की योजनाएं बता रहे है।

**फतेहाबाद के मुख्य मुद्दे :** पिछले चुनावों में विपक्षी पार्टी स्थानीय मुद्दों को कैश करवाती आ रही थी। इनमें फतेहाबाद की वर्षों पुरानी रेलवे से जोड़ने की मांग प्रमुख रूप से रही है। इसके अलावा फतेहाबाद से मेडिकल कॉलेज शिफ्ट होकर टोहाना जाना, ट्रैफिक की बढ़ती समस्या, हाउसिंग बोर्ड के सस्ते मकान उपलब्ध करवाना, शहर की 60 साल पुरानी सीवरेज लाइन को बदलना, रोजगार के लिए एग्रीकल्चर बेस्ड कोई उद्योग लगाना सहित कोई भी उच्च शिक्षण संस्थान आदि की मांग करना, शायद कांग्रेस को याद ही नहीं आ रहा। इसके विपरीत भाजपा प्रत्याशी अपने व भाजपा द्वारा करवाए कामों को गिनवा रहे है।

## सियासी हलचल

### पित्रोदा कांग्रेस की बांटो और राज करो नीति का समर्थक

**चंडीगढ़।** पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने कांग्रेस के सैम पित्रोदा द्वारा गत दिवस दिए गए बयान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि सैम पित्रोदा ने जो कल अपना ज्ञान बांटा है उसका अर्थ यही है कि हिंदुस्तान के कोई भी ओरिजिनल लोग नहीं थे सारे बाहर से आए हुए थे। कोई अरब से आया था, कोई चीन से आया था, तो कोई यूरोप से आया हुआ था जबकि इनको पता नहीं है कि हिंदुस्तान सबसे पुरानी सभ्यता है।



उन्होंने कहा कि यह तो कांग्रेस की थ्योरी है कि हिंदुस्तान को बांटो और राज करो। विज मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान सैम पित्रोदा द्वारा कल भारत के लोगों के संबंध में दी गई नस्ली टिप्पणियों के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

### पंचकूला में मतदाता जागरूकता वॉकथॉन 12 को : गुप्ता

**पंचकूला।** अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप नोडल अधिकारी सचिन गुप्ता ने बृहस्पतिवार को जिला सचिवालय के सभागार में लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि एक संस्थान की ओर से 12 मई को सुबह 6 बजे यवनिका गार्डन पंचकूला से मतदाता जागरूकता वॉकथॉन का आयोजन किया जा रहा है।

## बहुमत से चुनेंगे विधायक दल का नया नेता: देवेंद्र बबली

# दुष्यंत को पार्टी विधायक दल के नेता पद से हटाने की तैयारी

### दुष्यंत चौटाला मनमानी व घमंड के कारण विधायकों को एकजुट नहीं रख पाए : बबली

### मैंने दुष्यंत पर प्रेशर डालकर पार्टी के नेताओं को चेयरमैन बनवाया था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

जजपा के विधायक बहुमत से दुष्यंत चौटाला को विधायक दल के नेता पद से हटा सकते है। जिसके लिए टोहाना के विधायक व पूर्व मंत्री पूरे जोर शोर से लगे है और जजपा के विधायको से संपर्क साधा जा रहा है। जिसका परिणाम अगले तीन चार दिन में सामने आने की उम्मीद हैं। वीरवार को देवेंद्र बबली ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि दुष्यंत चौटाला परिवार के रोज रोज के धमकी से बचने के लिए यह जरूरी है। बबली ने कहा कि इसके लिए कानूनी राय भी ली जा रही है। उनका कहना है कि जजपा के आधिकांश विधायक कांग्रेस या भाजपा से टिकट ना मिलने पर एक्सीडेंटली जजपा की टिकट पर लड़े थे। उन्होंने यह भी कहा कि जजपा के बने विधायकों को



- बोले, मामले को लेकर कानूनी राय ली जा रही
- विधायकों के संपर्क में, अगले तीन दिन में परिणाम आएगा

कोई जजपा का वोट बैंक नहीं मिला, सभी अपने रसूख व दम पर जीते हैं। उन्होंने कहा कि टोहाना हल्के में उन्हे मिले 1 लाख वोटों में जजपा कैडर के 4-5 हजार वोट हो सकते, बाकी तो उन्होंने निजी संबंधों के कारण आए है।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा के साथ समझौते में उनका बहुत बड़ा योगदान था। उनका कहना है कि दुष्यन्त चौटाला का मन भाजपा सरकार में शामिल होने का पचास फीसदी था। जिस पर उन्होंने सलाह दी कि बिना सरकार में शामिल हुए हम अपने हलके व प्रदेश का विकास नहीं कर सकते। देवेंद्र बबली ने कहा कि दुष्यंत चौटाला अपनी मनमानी व घमंड के कारण विधायकों को एकजुट नही रख पाए। एक साल बीत जानें के बाद पहले उनके प्रेशर की वजह से ही पार्टी के लोगों को चेयरमैन बनवाया गया।देवेंद्र बबली ने कहा कि दुष्यन्त चौटाला को जजपा विधायक दल का नेता उन्होंने तथा बाकी विधायकों ने चुना था, तभी वे डिप्टी सीएम बने। अब हम बहुमत से उन्हे हटा सकते हैं। जिसके बाद हो सकता है दादा गौतम या ईश्वर सिंह को जजपा का नेता चुन ले। उन्होंने दावा किया कि वे लगातार विधायकों के संपर्क में हैं तथा अगले तीन चार दिन में इसका परिणाम सामने आ जाएगा।

### अजय चौटाला ने बबली को पार्टी पर बोझ बताया था

तीन निर्दलीय विधायकों द्वारा समर्थन वापस लेने के बाद अल्पमत में आई सरकार बारे उन्होंने कहा कि सब बयानबाजी हो रही है। सारे विपक्ष को इकट्ठा होकर राज्यपाल को पत्र देना चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि वे सरकार का साथ देंगे या नही। इस पर उन्होंने कहा कि मौके पर फैसला लेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि कुल 88 विधायकों में भाजपा के पास 42 है। इसलिए भाजपा सरकार अल्पमत में आ गई है। बता दे की अजय चौटाला ने देवेंद्र बबली को पार्टी पर बोझ बताया था। जिस पर देवेंद्र बबली ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि अजय चौटाला का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है वे दुष्यंत चौटाला को सलाह देंगे कि उनका किसी अच्छे डॉक्टर से मानसिक इलाज करवाए।

### प्रधानमंत्री मोदी ने देश को विश्वास भरा विकास दिया : मुख्यमंत्री नायब सैनी

**चंडीगढ़ / करनाल।** 2014 और 2019 के वोट का ही कमाल है कि भारत का विश्व में डंका बज रहा है। आज भारत बोलता है, तो दुनिया आदरपूर्वक सुनती है। आज देश में भय का माहौल खत्म हो गया है। 2014 के पहले लोगों में भय रहता था कि आतंकवादी हमला में कब परिजनों की लाश देखनी पड़ें। आज प्रधानमंत्री मोदी ने देश को एक विश्वास और नई दिशा दी है। 2024 का चुनाव और आपका वोट बहुत ही अहम है। यह बात चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भठ्ठा एसोसिएशन की बैठक में कही। भठ्ठा एसोसिएशन के सदस्यों ने उनको भारी मतों से जीताने का वादा किया। भठ्ठा एसोसिएशन से पहले चुनाव प्रचार के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी लघु भारती भी गए और स्थानीय उद्यमियों को भी संबोधित करते हुए अपनी सरकार के विकास कार्यों के बारे में चर्चा की। उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस को अपने पाक प्रेम के बारे में लोगों को बताना चाहिए। हमारी सेना को कांग्रेस के शासन में आतंकवादियों पर चलाई गई गोलियों का हिसाब देना पड़ता था। यह कांग्रेस की नीति थी। दस वर्षों में हमारी सरकार ने सेना को आतंकवादियों से निपटने की खुली छूट दे रखी है, इसलिए आज ऐसी घटनाओं में कमी आई है।


### सरकार पोर्टल-पोर्टल खेल रही : सैलजा

**चंडीगढ़/रानियां।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने कहा कि दस साल की राजनीति में बहुत बदलाव आया है, आज देश में अब संविधान और लोकतंत्र बचाने की जंग जारी है, सरकार आमजनता के हित में कोई काम करने के बजाए जनता और किसानों के साथ पोर्टल-पोर्टल खेल रही है, किसानों को बरबाद हुई फसलों का मुआवजा तक नहीं दिया जाता और धनाड्यों के लाखों-करोडों के कर्जे माफ कर दिए जाते हैं। सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाली सरकार ने जब सरपंचों के सारे को अधिकार ही छीन लिये तो गांवों में कैसे विकास होगा, इस सरकार के कार्यकाल में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई तेजी से बढ़ रहे हैं।

# पंजाबी मतदाताओं को साध गए मनोहर लाल

नरेन्द्र वत्स ▸▸ रेवाड़ी

गुरुग्राम लोकसभा सीट पर मुकाबला कांटे का बनता हुआ नजर आते ही भाजपा इस सीट को फिर से हासिल करने के लिए एकजुटता का संदेश देने में जुट गई है। पंजाबी वोटों को पार्टी के साथ जोड़े रखने के लिए पूर्व सीएम मनोहरलाल सबसे मजबूत चेहरा माने जा सकते हैं। भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए मनोहरलाल राव इंद्रजीत सिंह के साथ पूर्व में रहे मतभेदों को दरकिनार करते हुए पार्टी की जीत की दिशा में काम कर रहे हैं। वीरवार को उन्होंने मोती चौक पर न सिर्फ पंजाबी मतदाताओं को साधने का प्रयास किया, बल्कि राव से दूरी बनाकर प्रचार अभियान से किनारा करने वाले पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास को भी मनोहरलाल साथ लाने में सफल रहे। कापड़ीवास के प्रचार अभियान में शामिल होने का राव इंद्रजीत सिंह को



- अब तक प्रचार से दूर रहे कापड़ीवास भी इंद्रजीत के समर्थन में जुटे
- पूर्व सीएम के दौरे से सियासी हलचल तेज

अच्छा फायदा मिल सकता है। राज बब्बर के कांग्रेस की टिकट पर मैदान में उतरने के बाद से ही गुरूग्राम सीट पर पंजाबी वोट के टर्न लेने की संभावनाओं को बल मिलने लगा है। पंजाबी समाज को अलग होने से रोकने के लिए भाजपा के मनोरहलाल सबसे कारगर नेता साबित हो सकते हैं। वह मेवात में राव इंद्रजीत सिंह के साथ मंच साझा करने के बाद पंजाबियों को पार्टी से दूर होने से रोकने के लिए मोती चौक पर जनसभा कर गए। मनोहरलाल ने अभी तक प्रचार से दूर रहे वरिष्ठ कापड़ीवास को साथ रहे।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गौतम शर्मा**, श्री मेक्नो फैब इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक, एटीआर– मुकुंदपुर बसई रोड, गांव बोलनी, रेवाड़ी, हरियाणा 123401 और 1167, गली नंबर 7A, धर्म विहार, बहादुरगढ़– 124507, जिला झज्जर, हरियाणा ने **CC No. 13100/19, U/s 138 NI Act, थाना: हौज़ क़ाज़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौतम शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौतम शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 13100/19, U/s 138 NI Act, थाना: हौज़ क़ाज़ी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गौतम शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री नितीश कुमार शर्मा
महानगर दण्डाधिकारी–01 एनआई एक्ट,
कमरा नंबर 201, कोर्ट बिल्डिंग एनेक्सी–II,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5111/CD/2024-
(Court Matter)



## कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था जिसमें यहां नीचे वर्णित कर्जदारों / सह-कर्जदारों को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कहा गया। कर्जदार द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहने पर, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी।

"कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों) का नाम हिसार शाखा | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री ललित कुमार कुमारी नेहा (प्रोस्पैक्ट नं. IL10439996) | महावीर कॉलोनी, राधा चौक, हनुमान मंदिर रोड, तहसील व जिला हिसार-125001 में स्थित के उत्तरी भाग में स्थित प्लॉट नं. 31 जिसका नया प्रोपर्टी आई.डी. नं. P01701062038, जोकि खसरा नं. 6357 (5-7), 6359 (2-13), 6360 (3-15), 6361 (4-12), किते 4, खेवट सं. 2059/2020 मिन, खतौनी सं. 2387 के सभी भाग व हिस्से क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति का प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 351.00, 596.00, 635.00 | रु. 1101372.00/- (रुपये ग्यारह लाख एक हजार तीन सौ बहत्तर केवल) | 10- जन. 2024 | 07- मई -24 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : आईएससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001/अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हिसार, दिनांक : 10.05.2024 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड


### फरीदाबाद में 24 उम्मीदवार मैदान में

**फरीदाबाद।** लोकसभा के आम चुनावों के तहत एक आजाद प्रत्याशी द्वारा नामांकन वापस लिए जाने के बाद चुनावी मैदान में अब कुल 24 उम्मीदवार शेष रह गए हैं। जिला चुनाव अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आजाद प्रत्याशी सुरेंद्र कुमार सैनी ने अपना नामांकन वापस लिया है। नामांकन प्रक्रिया की समयावधि की समाप्ति के साथ ही उन्होंने प्रत्याशियों को चुनाव चन्हि भी आवंटित किए। उपायुक्त वक्रिम सिंह ने बताया कि भारत चुनाव आयोग से अधिकृत राष्ट्रीय व राज्यीय राजनीतिक दलों के चुनाव चन्हि आरक्षित हैं। हिंदी वर्णमाला के तहत अल्फाबेटिकली चुनाव चन्हिों का आवंटन किया गया। रिकॉग्नाइज्ड राष्ट्रीय व राज्यीय राजनीतिक दलों के अंतर्गत बहुजन समाज पार्टी के किशन ठाकुर को हाथी, भारतीय जनता पार्टी के कृष्णपाल गुर्जर को कमल का फूल, इंडियन नेशनल कांग्रेस के महेंद्र प्रताप सिंह को हाथ का पंजा, इंडियन नेशनल लोकदल के सुनील तेवतिया को चश्मा, जजपा के नलिन हुड्डा को चाबी चुनाव चिन्ह आवंटित हुआ। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया पर अधिकारी पैनी नजर रख रहा है।

### चुनाव पर्यवेक्षक प्रतिदिन इलेक्शन संबंधी समस्याएं सुनकर समाधान करेंगे

**सोनीपत।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के लिए आईएएस अधिकारी डॉ. मंजुला एन को जरनल ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। वहीं एक्पेंडिचर ऑब्जर्वरों में आईआरएस अधिकारी अविजीत रक्षित और मेहता मनीष महेन्द्रा कुमार शामिल हैं। इसके अलावा वर्ष आईपीएस अधिकारी कुशुम पुनिया को करनाल व सोनीपत लोकसभा के लिए पुलिस ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनरल व एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर दीन बंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय(डीसीआरयूएसटी) मुरथल के गेस्ट हाउस में प्रतिदिन प्रातः 11 से 12 बजे तक लोकसभा चुनाव से संबंधित समस्याएं सुनेंगे। वहीं पुलिस ऑब्जर्वर पानीपत रिफाईनरी गेस्ट हाउस में रहकर दोनों लोकसभा क्षेत्रों का कार्य करेंगी।

#### बिलों व खर्च रजिस्टर को किया जाएगा चेक

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सोनीपत लोकसभा सीट के लिए आईआरएस अधिकारी अविजीत रक्षित और मेहता मनीष महेन्द्र कुमार को एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वरों की अध्यक्षता में गठित खर्च कमेटी द्वारा 14, 18 व 22 मई को अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय स्थित प्रगति हाल में प्रातः 11 बजे से शाम 05 बजे तक सभी उम्मीदवारों के खर्च रजिस्टर चैक किए जाएंगे इसलिए सभी लोकसभा उम्मीदवार या उनके एजेंटों खर्च रजिस्टर सहित समय पर पहुंचकर खर्च रजिस्टर में दर्ज की चुनाव में खर्च राशि से संबंधित बिलों को चैक करवाएं।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–निविदा सूचना

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि तथा समय | अनुमानित लागत रूपये | धरोहर राशि रूपये | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओ0टी–01/ 2024-25 | इंटरलॉकिंग ऑफ़ एलसी गेट हविंग टीवीयू मोर दन 20000 ओन प्रोपोजड 130 के एम पी एच रूट इन राजपुरा – बठिंडा सेक्शन ऑफ़ अम्बाला डिवीज़न | 03.06.2024 at 15:00 hrs | 19707703.42 | 248500 | 270 दिन |
| 2 | ओ0टी–02/ 2024-25 | प्रोविजन ऑफ़ सेग्रीगेष्न ऑफ़ पॉवर सप्लाई एंड मीडिया इन ब्लाक वर्किंग ऑवर अम्बाला डिवीज़न | 03.06.2024 at 15:00 hrs | 37611199.56 | 338100 | 270 दिन |
| 3 | ओ0टी–03/ 2024-25 | रिप्लेसमेंट ऑफ़ मेकनिकल लीफटिंग बैरियर वित इलेक्ट्रिक लीफटिंग बैरियर गेट्स इन यार्ड्स ओवर अम्बाला डिवीज़न. | 03.06.2024 at 15:00 hrs | 16749223.32 | 233800 | 270 दिन |
| 4 | ओ0टी–04/ 2024-25 | एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन वित कंस्ट्रक्शन ऑफ़ लएचएस एट एल–सिंग न. सी–82 इन फतूही इन बठिंडा श्री गंगा नगर सेक्शन ऑफ़ अम्बाला डिवीज़न | 03.06.2024 at 15:00 hrs | 2032164.48 | 40700 | 180 दिन |
| 5 | ओ0टी–05/ 2024-25 | प्रोविजन ऑफ़ ओ.फ.सी. और एसोसिएटेड इक्विपमेंट इन 835.97 किलोमीटर ऑन नॉन–ओ.फ.सी सेक्शन ऑन नार्दन रेलवे इन रायपुर हरियाणा– सतरोड़ ब्लॉक सेक्शन ऑफ़ अम्बाला डिवीज़न | 03.06.2024 at 15:00 hrs | 4194608.40 | 83900 | 180 दिन |
| 6 | ओ0टी–06/ 2024-25 | रिप्लेसमेंट ऑफ़ आउटलिव्ड टेलिकॉम केबल इन बरारा–मुस्तफाबाद, बरारा–केसरी, हिंडनकेबिन–खानआलमपुरा यार्ड–सहारनपुर एंड अम्बाला– मोहरी सेक्शन ऑफ़ अम्बाला डिवीज़न. | 03.06.2024 at 15:00 hrs | 19327607.03 | 246600 | 270 दिन |
| 7 | ओ0टी–07/ 2024-25 | एनुअल रिपेयर कॉन्ट्रेंक्ट ऑफ़ कार्डस ऑफ़ पि. डी. मक्स मेक वेबफिल फॉर थ्री इयर्स. | 03.06.2024 at 15:00 hrs | 1771109.45 | 35400 | 36 महीने |

नोट :– 1. वरि0 मंडल सिग0 एवं टेली0 इंजी0 / उ0रे0, डी0आर0एम0 ऑफिस, रेल बिहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दर्शायी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्कैन प्रतिलिपि अपलोड करें। 2. टैन्डर डाकूमैंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर लाग ऑन करें। 3. निविदाकारों को ई–टेण्डरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास–III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों / शर्तों इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें।

संख्या : एस.डब्लयू / सिग / अम्बाला / एन0आई0टी0–01 / 2024–25 दिनांक 09.05.2024 1378/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## AXIS BANK LTD. स्वर्ण आभूषणों के रूप में गिरवीकृत परिसम्पत्तियों की ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

कर्जदारों को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि नीचे अकाउंट्स में गिरवी स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी नीचे वर्णित शाखा में ऐक्सिस बैंक द्वारा आयोजित की जानी प्रस्तावित है। नीचे वर्णित कर्जदारों ने प्रतिभूति के तहत बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषणों की गिरवी ("स्वर्ण ऋण सुविधा") के तहत ऐक्सिस बैंक लिमिटेड से क्रेडिट सुविधा का लाभ प्राप्त किया। प्राप्त की गई स्वर्ण ऋण सुविधा के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये कर्जदारों /गारंटरों का आह्वान करते हुये कर्जदारों / गारंटरों को डिमांड नोटिस जारी किये गये थे। चूंकि कर्जदारों/गारंटरों द्वारा बकाया ऋण राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहने पर, बैंक गिरवी का अवलम्ब लेने के लिये और यहां नीचे सम्पत्ति की अनुसूची में विशेषतः वर्णित गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की एक ई-नीलामी बिक्री **20 मई 2024 को अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक** "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है", "जो भी है वहां है" और "अवलम्ब नहीं आधार" पर आयोजित करना प्रस्तावित करने के लिये बाध्य है।

### कर्जदारों और बकाया राशि का विवरण

| क्र. सं. | ग्राहक का नाम | ऋण अकाउंट नं. | बकाया राशि (रु. में) | वापसी सूचना की तिथि | कुल वजन | शुद्ध वजन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | बी.ओ. : चण्डीगढ़ [ सीएच ] | | | | | |
| 1 | मोहम्मद अफसर | XXXXXXXXXXX3776 | 45893.000 | 28-12-2023 | 13.400 | 13.200 |
| | बी.ओ. : सेक्टर-38, चण्डीगढ़ [ सीएच ] | | | | | |
| 2 | बूटा सिंह | XXXXXXXXXXX1848 | 85710.000 | 28-12-2023 | 20.100 | 19.800 |
| | बी.ओ. : अम्बाला महेश नगर एचआर | | | | | |
| 3 | चमन लाल | XXXXXXXXXXX2234 | 153075.360 | 28-12-2023 | 54.300 | 53.200 |
| 4 | जगदीप चौहान | XXXXXXXXXXX3776 | 43726.000 | 28-02-2024 | 12.100 | 11.700 |
| | बी.ओ. : असंध एचआर | | | | | |
| 5 | दीपक राणा | XXXXXXXXXXX2550 | 101500.000 | 02-11-2023 | 28.820 | 26.950 |
| | बी.ओ. : बादशाहपुर गुड़गांव एचआर | | | | | |
| 6 | जसराम यादव | XXXXXXXXXXX8254 | 53484.000 | 20-09-2023 | 14.900 | 14.100 |
| | बी.ओ. : बल्लभगढ़ [ एचआर ] | | | | | |
| 7 | रमेश गुप्ता | XXXXXXXXXXX4516 | 32396.270 | 09-11-2023 | 8.780 | 8.440 |
| | बी.ओ. : बरवाला बीएडब्ल्यू एचआर | | | | | |
| 8 | राकेश कुमार | XXXXXXXXXXX5377 | 276066.000 | 17-01-2024 | 65.210 | 65.100 |
| | बी.ओ. : भिवानी [ एचआर ] | | | | | |
| 9 | अमिता | XXXXXXXXXXX2991 | 72669.000 | 28-12-2023 | 20.500 | 19.500 |
| | बी.ओ. : गोहाना एचआर | | | | | |
| 10 | संजू | XXXXXXXXXXX8777 | 80799.000 | 28-12-2023 | 20.400 | 19.500 |
| | बी.ओ. : जीन्द [ एचआर ] | | | | | |
| 11 | सुरेश कुमार | XXXXXXXXXXX8055 | 41101.000 | 28-12-2023 | 9.200 | 9.000 |
| | बी.ओ. : कुंडली सोनीपत [ एचआर ] | | | | | |
| 12 | टिंकू | XXXXXXXXXXX3294 | 38380.000 | 28-12-2023 | 10.000 | 9.800 |
| | बी.ओ. : महेन्द्रगढ़ एचआर | | | | | |
| 13 | सतीश कुमार | XXXXXXXXXXX1297 | 36451.000 | 10-10-2023 | 8.090 | 7.800 |
| | बी.ओ. : मानेसर [ एचआर ] | | | | | |
| 14 | सुषमा देवी | XXXXXXXXXXX4524 | 127940.000 | 28-12-2023 | 31.600 | 31.200 |
| 15 | सुषमा देवी | XXXXXXXXXXX2108 | 110989.000 | 22-03-2024 | 35.600 | 33.100 |
| | बी.ओ. : मॉडल टाउन पानीपत पीपीटी एचआर | | | | | |
| 16 | विष्णु | XXXXXXXXXXX0575 | 36266.000 | 28-02-2024 | 10.300 | 9.300 |
| 17 | कपिल | XXXXXXXXXXX0536 | 36637.000 | 30-05-2023 | 8.600 | 8.200 |
| | बी.ओ. : पलवल [ एचआर ] | | | | | |
| 18 | रवि | XXXXXXXXXXX4522 | 384311.180 | 15-02-2024 | 130.100 | 108.400 |
| 19 | पवन कुमार | XXXXXXXXXXX8555 | 52113.000 | 15-02-2024 | 16.000 | 14.800 |
| 20 | नरेन्द्र नाथ | XXXXXXXXXXX7064 | 31078.000 | 25-10-2023 | 9.900 | 8.400 |
| | बी.ओ. : पंचकूला [ एचआर ] | | | | | |
| 21 | हितेश शर्मा | XXXXXXXXXXX9366 | 34231.700 | 28-12-2023 | 8.200 | 7.900 |
| | बी.ओ. : पैराडाइज मॉल एस गुड़गांव एचआर | | | | | |
| 22 | परविन्दर | XXXXXXXXXXX7886 | 58700.000 | 20-10-2023 | 16.400 | 16.000 |
| | बी.ओ. : पटौदी गुड़गांव एचआर | | | | | |
| 23 | संदीप | XXXXXXXXXXX9487 | 68621.000 | 15-02-2024 | 19.000 | 17.800 |
| | बी.ओ. : रेवाड़ी [ एचआर ] | | | | | |
| 24 | नारायण दत्त | XXXXXXXXXXX6694 | 429460.000 | 28-12-2023 | 115.900 | 104.500 |
| 25 | विजय कुमार | XXXXXXXXXXX5755 | 92640.000 | 10-10-2023 | 26.000 | 24.400 |
| | बी.ओ. : रोहतक [ एचआर ] | | | | | |
| 26 | अमर | XXXXXXXXXXX0500 | 33069.000 | 20-10-2023 | 10.400 | 9.000 |
| 27 | विकास कुमार | XXXXXXXXXXX7484 | 275800.000 | 17-01-2024 | 75.800 | 71.000 |
| | बी.ओ. : रोहतक हुडा कॉम्पलैक्स आरओएच एचआर | | | | | |
| 28 | विकाश | XXXXXXXXXXX5899 | 50783.000 | 20-11-2023 | 12.880 | 12.320 |
| | बी.ओ. : सफीदों [ एचआर ] | | | | | |
| 29 | सुनील कुमार | XXXXXXXXXXX6878 | 85100.000 | 17-01-2024 | 31.300 | 26.800 |
| | बी.ओ. : समालखा एचआर | | | | | |
| 30 | राजेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX0821 | 224904.000 | 08-03-2023 | 54.660 | 50.500 |
| | बी.ओ. : शाहबाद सी4718 एचआर | | | | | |
| 31 | साहब अली | XXXXXXXXXXX7269 | 137677.000 | 30-05-2023 | 32.620 | 32.000 |
| | बी.ओ. : सिरसा [ एचआर ] | | | | | |
| 32 | नीरज | XXXXXXXXXXX4700 | 161656.000 | 17-01-2024 | 39.900 | 37.900 |
| 33 | सूरज नाथ | XXXXXXXXXXX1249 | 52150.000 | 10-10-2023 | 13.700 | 13.200 |
| | बी.ओ. : सोनीपत [ एचआर ] | | | | | |
| 34 | नीलम | XXXXXXXXXXX0976 | 28754.410 | 20-09-2023 | 8.100 | 8.000 |
| 35 | नेहा | XXXXXXXXXXX8924 | 31689.000 | 22-03-2024 | 9.500 | 8.000 |
| | बी.ओ. : सुशांत लोक ए एचआर | | | | | |
| 36 | अनूप कुमार | XXXXXXXXXXX9024 | 57444.000 | 28-12-2023 | 14.400 | 13.700 |
| | बी.ओ. : टिब्बी माजरा पीकेएल एचआर | | | | | |
| 37 | अनूप चौहान | XXXXXXXXXXX7811 | 58873.000 | 30-05-2023 | 15.970 | 15.700 |

ऐक्सिस बैंक लि. कोई पूर्व सूचना दिये बिना अकाउंट को हटाने / नीलामी तिथि परिवर्तित करने का अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे के बीच ऑनलाइन HTTPS://GOLD.SAMIL.IN आयोजित की जाएगी।

विस्तृत नियम व शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट HTTPS://GOLD.SAMIL.IN को लॉग इन करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 10.05.2024 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, ऐक्सिस बैंक लि.

# मास्टरजी 'गर्भवती' हैं कृपया चुनाव में ड्यूटी न लगाएं

## जींद में चुनावी ड्यूटी से बचने के लिए अनोखा बहाना, डीसी बोले-गलत डाटा देने वालों पर कार्रवाई होगी

कुलदीप संधू ▶▶ जींद

**गुरु जी का बहाना, बदला 'लिंग' खुद को बताया महिला**

चुनाव, बाढ़ जैसी आवश्यक ड्यूटी से बचने के लिए सरकारी कर्मचारी अक्सर नए-नए बहाने तलाशते हैं, जींद में चुनाव ड्यूटी से बचने के लिए जींद जिले के गांव डाहौला स्कूल में कार्यरत हिंदी प्रवक्ता न केवल अपना लिंग बदलकर खुद को फीमैल बनाकर गर्भवती भी बता दिया, ऐसा इसलिए किया कि निर्वाचन आयोग का सॉफ्टवेर चुनाव ड्यूटी के लिए गर्भवती महिलाओं का डाटा नहीं उठाता, प्रवक्ता के कारनामें का भेद खुलने के बाद हरकत में आए शिक्षा विभाग ने मामले की जांच के लिए डिप्टी डीईटो की अध्यक्षता में जांच कमेटी का गठन कर दिया, डीसी ने भी मामले में गंभीरता दिखाते हुए जांच रिपोर्ट आने पर कड़ी कार्रवाई करने के संकेत दे दिए। हुआ यूं कि गांव डाहौला स्थित रावमावि द्वारा प्रशासन के पास भेजे गए कर्मचारियों के डाटा में हिंदी के पद पर कार्यरत शिक्षक सतीश को न केवल महिला कर्मचारी दर्शाया बल्कि गर्भवती बताया।

### कर्मियों की लगाई जाती ड्यूटी

चुनाव को संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है। जिनमें चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से लेकर क्लास वन तक के अधिकारी भी शामिल होते हैं। कर्मचारियों के पीठासीन अधिकारीए सहायक पीठासीन अधिकारी के अलावा एसएसटी, एफएसटी, वीडियो सर्विलेंस टीम, वीडियो वीविंग टीम, फ्लाइंग स्क्वेड आदि अनेक टीमों में ड्यूटी होती है। चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए अधिकारी और कर्मचारियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न तरह की जरूरी कार्यशालाओं का भी आयोजन करवाया जाता है। जिसमें उनको ईवीएम के बारे में बारीकी से जानकारी दी जाती है ताकि किसी भी स्तर पर कोई चूक ना रहे।

### डीसी जांच करवाएंगे

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि कर्मचारी चुनावी ड्यूटी से बचने के लिए इस तरह का कदम भी उठा सकते हैंए इसके बारे में हम सोच भी नहीं सकते। यह अपने आप में एक अनूठा और आश्चर्यजनक मामला है। उन्होंने बताया कि इस मामले में नगराधीश एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नमिता कुमारी की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी बैठाई गई है। जांच कमेटी द्वारा इस सारे मामले की छानबीन की जाएगी। इस मामले में जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ-साथ इस केस की रिपोर्ट शिक्षा विभाग और निर्वाचन आयोग के पास में ही भेजी जाएगी।

### लोकतंत्र के महापर्व में सभी की भूमिका जरूरी



लोकसभा आम चुनाव 2024 लोकतंत्र का महापर्व है। इसका थीम चुनाव का पर्व देश का गर्व दिया गया है। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के लिए छोटे से छोटे कर्मचारी से लेकर बड़े से बड़े अधिकारी की अहम भूमिका होती है। चुनावी ड्यूटी में शामिल होना अपने आप में एक गर्व की बात है। ड्यूटी से बचने के लिए गैर जिम्मेदाराना या गलत रास्ता अपनाने वाले पर कार्रवाई होगी। **-मोहम्मद रजा,** जिला निर्वाचन अधिकारी

# क्रिकेटर शहबाज अहमद बने ब्रांड एम्बेसडर



लोस चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए नूंह प्रशासन की पहल

**नूंह।** लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन की तरफ से भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य रहे एवं हाल में आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंडर खिलाड़ी शहबाज अहमद को ब्रांड एंबेसडर बनाया है। शहबाज अहमद ने हिंदी तथा ठेठ मेवाती भाषा में जिले के मतदाताओं से पिछले चुनाव के मुकाबले मत प्रतिशत बढ़ाने की अपील की है। क्रिकेटर शहबाज अहमद ने कहा कि मैं खुशकिस्मत हूं कि मेरा चुनाव किया गया।





## नारनौल के सलीमपुर में वारदात, आरोपित पिता-पुत्र पर केस

# झगड़े में बचाव करने आई पुलिस टीम पर हमला, वर्दी भी फाड़ी

- पति व ससुर के बीच झगड़ा होने पर बहू ने किया था डायल 112 पर फोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



आपसी झगड़े की सूचना पर गांव सलीमपुर पहुंची डायल-112 पुलिस टीम के साथ मारपीट व वर्दी फाड़ने का मामला सामने आया है। मामले में अटेली थाना पुलिस ने आरोपितों खिलाफ आईपीसी की धारा 186, 332, 34, 353 व 506 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस बारे में थाना अटेली में दर्ज एफआईआर के अनुसार गांव सलीमपुर निवासी सीमा पत्नी विवेक ने डायल 112 पर फोन कर झगड़े की सूचना दी।

जिसके आधार पर डायल 112 इंचार्ज ईएसआई, एसपीओ अशोक कुमार व चालक ईएचसी राधेश्याम गांव सलीमपुर पहुंचे। जहां पर फोन कर झगड़े की जानकारी देने वाली महिला सीमा के पति विवेक पुत्र राजेंद्र व उसका ससुर राजेंद्र शराब पीकर आपस में लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे। जब मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने लड़ाई करने वालों को छुड़वाना चाहा तो दोनों (विवेक व राजेंद्र) बाप-बेटे ने पुलिस टीम पर ही हमला कर दिया। आरोपित पिता-पुत्र ने पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट कर उनकी वर्दी भी फाड़ दी। इसके साथ ही आरोपित पिता-पुत्र ने पुलिस टीम को जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में थाना अटेली पुलिस ने डायल 112 टीम इंचार्ज की शिकायत के आधार पर आरोपित पिता-पुत्र के खिलाफ केस दज कर जांच शुरू कर दी है।

## जेलों में बंद कैदियों में शिक्षा की अलख जगा रहा इग्नू, 792 बंदी प्राप्त कर चुके उच्च शिक्षा

**चंडीगढ़।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय(इग्नू) हरियाणा की विभिन्न जेलों में बंद कैदियों को उच्च शिक्षा से जोड़कर उनमें शिक्षा की अलख जगाने का काम कर रही है।जो कैदी 12वीं कक्षा पास कर चुके हैं और उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, उनके लिए जेलों में इग्नू द्वारा अध्ययन केंद्र स्थापित किए गए हैं।अगर कोई बंदी जो स्नातक या किसी अन्य उच्च पाठ्यक्रम का अध्ययन कर रहा है तो जेल में उसके कार्यकाल के दौरान उसकी पढ़ाई और परीक्षा की व्यवस्था इग्नू द्वारा निःशुल्क की जाती है। विवि के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में हरियाणा की विभिन्न जेलों में अभी तक कुल 792 बंदियों द्वारा सफलतापूर्वक उच्च शिक्षा प्राप्त करने की तरफ अपने कदम बढ़ाये हैं।

## राज्यपाल ने की अमरजीत के 26 वर्षों से अधिक की निष्ठा एवं सेवाओं की सराहना



**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की गरिमामय अध्यक्षता में राजभवन हरियाणा में आज वीरवार को उनके संयुक्त सचिव अमरजीत सिंह की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के उपलक्ष पर विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने अमरजीत सिंह द्वारा सरकार को अपने 26 वर्षों से अधिक की समर्पितभाव एवं निष्ठा से दी गई सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक मुबारकबाद एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की। उन्होंने कहा कि आप केवल सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्ति को ही सेवानिवृत्ति न समझे बल्कि इसे अपने जीवन की एक नई शुरुआत समझकर जीवन भर समाज के लोगों से जुड़े रहकर समर्पित भाव से समाज सेवा करते रहे। अपने स्वास्थ का ध्यान रखे, किसी प्रकार की चिंता न करे, आनंद से रहे और भगवान पर भरोसा रखें।

## लोकसभा चुनाव: कार से बरामद किए 13 लाख रुपये, आयकर विभाग ने ट्रेजरी में जमा करवाए



**खरखौदा।** सैदपुर पुलिस चौकी के पास स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) की ओर से लगाए गए नाके पर वीरवार को कार से 13 लाख रुपये बरामद किए गए। जिसे आयकर विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर सील कर लिया और बरामद राशि को ट्रेजरी में जमा करवा दिया गया है। आदर्श आचार संहिता का पालन करवाने के लिए प्रशासन की तरफ से जगह-जगह स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) का गठन कर उन्हें नाकाबंदी की जिम्मेदारी दी गई है। खरखौदा क्षेत्र में आठ जगहों पर एसएसटी की तरफ से नाके लगाए गए हैं।

# गुरुग्राम में छात्रा का किडनेप करके गैंगरेप

**गुरुग्राम।** सोहना शहर एरिया में दो युवकों द्वारा स्नातक कर रही छात्रा का किडनेप कर रेप करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पीड़िता ने एक आरोपी पर जबरन शादी करने का आरोप भी लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में ले लिया और छानबीन शुरु कर दी। दरअसल, स्नॉतक कर रही छात्रा परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी।



## खबर संक्षेप

### बैंक ऑफ इंग्लैंड ने ब्याज दर 5.25 फीसदी पर स्थिर रखा




**लंदन।** ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार को नीतिगत ब्याज दर को 16 साल के उच्चस्तर 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने के साथ ही आने वाले समय में इसमें कटौती के भी संकेत दिए। बैंक ऑफ इंग्लैंड की नौ सदस्यों वाली मौद्रिक नीति समिति ने सातःदो के बहुमत से ब्याज दरों को स्थिर रखने का फैसला किया।

### इंडियन ओवरसीज बैंक ने कमाया 810 करोड़ का लाभ

**चेन्नई।** इंडियन ओवरसीज बैंक ने बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 810.42 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा कमाया है। बैंक ने पिछले वर्ष की इसी तिमाही के दौरान 655.63 करोड़ रुपये का एकीकृत मुनाफा दर्ज किया था। 31 मार्च, 2024 को एकीकृत शुद्ध मुनाफा एक साल पहले के 2,103.99 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,665.66 करोड़ रुपये हो गया।

### एशियन पेंट्स का शुद्ध लाभ 1.34 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** एशियन पेंट्स लिमिटेड लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 1.34 प्रतिशत बढ़कर 1,275.3 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी का 2022-23 की चौथी (मार्च) तिमाही में मुनाफा 1,258.41 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में उसकी एकीकृत परिचालन आय 8,730.76 करोड़ रुपये रही।

# नई जनरेशन की मारुति स्विफ्ट हुई लांच, कीमत 6.49 लाख रुपये से शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


■ नौ तरह के एक्सटीरियर रंगों में लांच किया गया

मारुति सुजुकी ने भारत में न्यू जनरेशन स्विफ्ट को लांच कर दिया है। नई स्विफ्ट को 6.49 लाख रुपए की एक्स-शोरूम कीमत पर लाया गया है। वहीं इसके टॉप वैरिएंट की कीमत 9.65 लाख रुपए, एक्स-शोरूम तय की गई है। नई स्विफ्ट को कुल 9 तरह के एक्सटीरियर रंगों में लांच किया गया है। इनमें सिंगल टोन और डुअल टोन दो तरह के रंग शामिल हैं। कंपनी ने दो नए कलर शेड- लस्टर ब्लू और नोवल ऑरेंज को भी लांच किया है। नई मारुति स्विफ्ट की माइलेज भी सामने आ चुकी है जो इसके पुराने मॉडल से 14 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के मुताबिक, स्विफ्ट के मैनुअल वैरिएंट्स में 24.8 केएमपीएल और ऑटोमैटिक वैरिएंट्स में 25.75 केएमपीएल की माइलेज मिलती है।

## ऑटोमैटिक वैरिएंट्स में 25.75 केएमपीएल की माइलेज मिलती है

### नए फीचर्स से हुई लैस

अगर फीचर्स की बात करें तो न्यू जनरेशन मारुति स्विफ्ट में अब कई नए फीचर्स मिल रहे हैं। कंपनी इसके सभी वैरिएंट्स में स्टैंडर्ड तौर पर 6 एयर बैग दे रही है। इसके अलावा हिल होल्ड असिस्ट, थ्री पॉइंट सीट बेल्ट और नया सस्पेंशन सेटअप भी दिया गया है। 2024 स्विफ्ट के केबिन में अब पहले से बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है जो बलेनो और फ्रॉन्क्स से प्रेरित है।




### इंजन और ट्रांसमिशन

न्यू जनरेशन स्विफ्ट में कंपनी ने नया जेड-सीरीज 1.2-लीटर, तीन-सिलेंडर पेट्रोल इंजन दिया है जो 82 एचपी की पॉवर और 108 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इंजन मैनुअल गियरबॉक्स के साथ ही इसमें सीवीटी ट्रांसमिशन से भी लैस है। इसके कुछ वैरिएंट में माइल्ड-हाइब्रिड तकनीक भी उपलब्ध है।

### डायमेंशन

नई स्विफ्ट की लंबाई 3,860 मिमी, चौड़ाई 1,695 मिमी और ऊंचाई 1,500 मिमी है। यह अपने पुराने मॉडल की तुलना में 15 मिमी लंबी, 30 मिमी ऊंची और 40 मिमी चौड़ी है। हालांकि, इसका व्हीलबेस पुराने मॉडल जैसा ही है।

### वैरिएंट और रंग

2024 मारुति स्विफ्ट पांच वैरिएंट –एलएक्सआई, वीएक्सआई, वीएक्सआई (ओ), ज़ेडएक्साई और जेडएक्सआई(प्लस) में उपलब्ध होगी। इसमें नौ अलग-अलग पेंट विकल्प भी मिलेंगे, जिनमें मोनोटोन और डुअल-टोन दोनों विकल्प शामिल हैं।

## चौतरफा बिकवाली से निवेशकों के डूबे 7.34 लाख करोड़

# चुनाव को लेकर अनिश्चितता से सेंसेक्स 1,062 अंक लुढ़का, निफ्टी 22,000 अंक से नीचे फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स ने 1,062 अंक का गोता लगाया जबकि निफ्टी लुढ़क कर 22,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार में गिरावट आई है। इसके अलावा, विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी पूंजी निकासी और एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली दबाव से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई।

### निफ्टी 345 अंक टूटा

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और यह 1,062.22 अंक लुढ़क कर 72,404.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,132.21 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 345 अंक की गिरावट के साथ 21,957.50 अंक पर बंद हुआ।

### निवेशकों को 7.34 लाख करोड़ का नुकसान

बीएसई सेंसेक्स में बृहस्पतिवार को तेज गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 7.34 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार 7,34,513.48 करोड़ रुपये घटकर 3,93,34,896.14 करोड़ रुपये रहा। इससे पहले, दो मई को बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण रिकॉर्ड 4,08,49,767.90 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था।



### टाटा मोटर्स रही लाभ में

दूसरी तरफ टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस और एचसीएल टेक लाभ में रहे। छोटी कंपनियों के शेयरों का सूचकांक बीएसई स्मॉलकैप 2.41 प्रतिशत तथा मिडकैप 2.01 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 6,669.10 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने की भारी बिकवाली
- एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी व रिलायंस में बिक्री से बाजार प्रभावित
- कंपनियों के परिणाम और चुनाव को लेकर अनिश्चित बना रही

*एलएंडटी का शेयर पांच फीसदी टूटा*

*सेंसेक्स के शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो मार्च तिमाही के वित्तीय परिणाम के बाद पांच प्रतिशत से अधिक नीचे आया। इसके अलावा एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईटीसी, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावरग्रिड में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही।*

### निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। मुख्य रूप से कंपनियों के चौथी तिमाही के वित्तीय परिणाम और आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता को देखते हुए निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया और बाजार से दूरी बनायी।'

### कारोबारी दूर रहने से निफ्टी में तेज गिरावट

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, 'संस्थागत निवेशकों की बिकवाली और चुनाव आगे बढ़ने के साथ असमंजस की स्थिति के कारण कारोबारियों के दूर रहने से निफ्टी में तेज गिरावट आई...।'

### एशियाई बाजार नुकसान में रहे

एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में भी बुधवार को मिला-जुला रुख रहा था।




## पतंजलि योगपीठ में गर्भ संस्कार संतति सृजनम् विषय पर कार्यशाला आयोजित

**हरिद्वार।** पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज एवं हॉस्पिटल, पतंजलि अनुसंधान और पतंजलि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में "गर्भ संस्कार" आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला "संतति सृजनम" का आयोजन पतंजलि विश्वविद्यालय के सभागार में हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन परम पूज्य स्वामी रामदेव जी, आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण जी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. (प्रो.) कल्पना शर्मा को उनके आयुर्वेद के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' प्रदान किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पूज्य स्वामी रामदेव महाराज ने कहा कि भारत भूमि गौरवशाली आदर्श माताओं से सुसमृद्ध है, इनमें जीजाबाई, पुतलीबाई, मदालसा, सीता ऐसी माताएँ रही हैं जिन्होंने सुसंस्कारित सन्तान को आकार दिया, आज भारत भूमि को ऐसी ही संततियों की आवश्यकता है। एक माँ विपरीत परिस्थितियों में भी अपने अथक प्रयासों से सुसंस्कारित नागरिकों का सृजन करती है। कार्यक्रम में पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी ने मातृत्व की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि वेदों और ग्रंथों में सोलह संस्कारों का वर्णन किया गया है जिनमें तीन संस्कार गर्भाधान, पुंसवन और सीमंतोन्नयन जन्म से पूर्व के है, उनका संयोजन भावी शिशु के माता-पिता द्वारा गर्भ की रक्षा-भावना से किया जाता है। यदि एक माँ स्वस्थ है तो ही वह स्वस्थ बालक को जन्म दे सकती है। भावी माता को अपने शिशु को कुपोषण से बचाने के लिए संतुलित भोजन, योग, ध्यान एवं चिंतन-मनन पर ध्यान देना आवश्यक है। पतंजलि जड़ी-बूटी अनुसंधान की प्रमुख डॉ. वेद्प्रिया आर्या ने वर्तमान में स्त्रियों में बढ़ रही पीसीओडी (पालीसिस्टिक ओवरी डिसिज) के कारण सामान्य प्रजनन चक्र अवरुद्ध होने पर चिंतन प्रस्तुत किया।

### नगर निगम रोहतक
#### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रोहतक की कर शाखा के सम्पत्तिकर के रिकार्ड में नई प्रोपर्टी आई०डी० नं० 1H2F1301 पुरानी प्रोपर्टी आई०डी० नं० 9C164U164 वार्ड नं०/पता Roop Nagar पुराने एन०डी०सी० रिकार्ड में Kitab Singh व सर्वे के अनुसार नए एन०डी०सी० रिकॉर्ड में Kitab Singh नाम से दर्ज है, अब नगर निगम के रिकार्ड में इस आई०डी० नं० में प्रार्थी जिसका नाम Suresh, Mukesh & Sunita के द्वारा वसीयत / वारसान के आधार पर अपने नाम तबदील करवाना चाहते हैं जिसकी वारसान रिपोर्ट तहसीलदार, रोहतक द्वारा तसदीक की गई है। यदि किसी भी जनसाधारण को इनके नाम तबदील करने में कोई भी आपत्ति है तो 30 दिन के अन्दर अन्दर नगर निगम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवाये, अन्यथा प्रोपर्टी टैक्स में उनके नाम तबदील कर दी जायेगी। जिसके लिए नगर निगम, रोहतक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

क्रमांकः MCA/ZTO/2024/3988 दिनांकः 06-05-24

हस्ता/-क्षेत्रीय कराधान अधिकारी नगर निगम, रोहतक

### COURT NOTICE

(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Prikshit
Civil Judge (Junior Division), Maham
Shakuntla W/o Ram Kumar S/o Surtan
Vs.
The Collector, Rohtak
CNR No. HRRHA0-000318-2023
Next Date:- 12-06-2024

PUBLICATION ISSUED TO :
Ram Niwas s/o Bharat Singh @ Chhotu Ram s/o Ratiram :- Nindana, Sub Tehsil Lakhan Majra, Teh. Meham, Distt. Rohtak

In above titled case, the defendant(s) / respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **12-06-2024 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak

Sd/- PRIKSHIT
Civil Judge
(Junior Division) Rohtak
Dated, this day of 07-05-2024

## बायजू ने पाठ्यक्रमों की फीस 30 से 40 फीसदी तक घटाई

**नई दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी मंच बायजू का संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न ने पाठ्यक्रम सदस्यता शुल्क में 30-40 प्रतिशत की कटौती करने के साथ बिक्री प्रोत्साहन को 50-100 प्रतिशत बढ़ा दिया है। बायजू के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी बायजू रवींद्रन ने 1,500 बिक्री सहयोगियों और प्रबंधकों के साथ एक बैठक में कारोबार विस्तार और लचीलेपन के लिए अपनी बिक्री रणनीति में बदलाव की घोषणा की है। 'बायजू लर्निंग ऐप की वार्षिक सदस्यता अब 12,000 रुपये (करों सहित) की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है, जबकि बायजू क्लासेस और बायजू ट्यूशन सेंटर (बीटीसी) की पूरी कीमत समूचे साल के लिए क्रमशः 24,000 रुपये और 36,000 रुपये है।'

### गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस का आईपीओ 15 मई से खुलेगा

**नई दिल्ली।** कनाडा स्थित फेयरफैक्स समूह द्वारा समर्थित कंपनी गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड 15 मई को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में है। निर्गम 15 से 17 मई तक खुलेगा। निवेशक 14 मई को बोली लगा पाएंगे।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

सबको आजमाया बार-बार हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम
सभी समस्याओं का समाधान
बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रुकावट, ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
नोट : अगर कोई मुझसे पहले काम करके दिखाए तो उसे मुँह मांगा ईनाम
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015
फीस 201/-रु.

**शिक्षा**

भारतीय पुनर्वास परिषद (RCI) नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त COLLGE CODE : HR041
सरकारी शिक्षक व विशेष शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर
D.Ed Spl. Ed. (IDD/HI) (द्वि-वर्षीय पाठ्यक्रम)
JBT/BTC/BSTC के समकक्ष
ANM 2 Year
DPT फिजियोथेरेपी 2 Year
D.Pharma एलोपैथी 2 Year
केवल RCI द्वारा निर्धारित फीस
योग्यता : 10+2 50 प्रतिशत अंकों के साथ (General) एवम् 45 प्रतिशत अंकों के साथ SC/ST/PH
DIRECT Admission OPEN
ग्रीन वैली इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन एण्ड रिहैबिलिटेशन सैन्टर
पटेल नगर, निकट शिव मन्दिर वाली गली, सोनीपत
CONTACT : 9813342781

## चांदी में रही डेढ़ हजार रुपये की बड़ी गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार दिल्ली में सोने की कीमत 50 रुपये की गिरावट के साथ 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,500 रुपये लुढ़ककर 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 84,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 50 रुपये कम है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,308 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से दो डॉलर की गिरावट है।



- सोना 50 रुपए घटकर 72,250 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी लुढ़कर 83,200 रुपए प्रति किलो ग्राम रही

### सोने में सीमित दायरे में रहा उतार-चढ़ाव

गांधी ने कहा कि सोने में 2,300 डॉलर प्रति औंस से ऊपर एक सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव रहा जहां निवेशक अमेरिकी मुद्रास्फीति और फेडरल रिजर्व के ब्याज दर रुख के बारे में नए संकेतों की तलाश में थे। चांदी भी मामूली तेजी के साथ 27.50 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 27.15 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### भारतीय स्टेट बैंक का बढ़ा शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने गुरुवार 9 मई को वित्त वर्ष 2023-24 के चौथी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। बैंक ने जनवरी-मार्च के बीच रिकॉर्ड प्रॉफिट हासिल किया है और बैंक का नेट प्रॉफिट 24 फीसदी तक बढ़ गया है। इस दौरान बैंक ने 20,698 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट कमाया है। वहीं पिछले साल समान तिमाही में बैंक का नेट प्रॉफिट कुल 16,695 करोड़ रुपये का था। बैंक ने तिमाही के नतीजे जारी करने के साथ ही डिविडेंड का भी ऐलान किया है। तिमाही के नतीजे जारी करने के बाद बैंक के शेयर में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई है और यह 1.13 फीसदी तेजी के साथ 820 रुपये पर बंद हुए हैं।

**बैंक ने किया डिविडेंड का ऐलान**: तिमाही के नतीजे जारी करने के साथ ही भारतीय स्टेट बैंक ने शेयरधारकों को डिविडेंड का भी तोहफा दिया है। बैंक ने एक्सचेंज फाइलिंग में शेयरहोल्डर्स को प्रति शेयर के बदले 13.70 रुपये डिविडेंड देने की बात कही है।

### सूचना

सभी सज्जनों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति गोहाना की तहसील रोड़, पशु हस्पताल तथा मिनी मार्किट पर सभी दुकानें आगामी 2 वर्ष के लिए पट्टे पर दी जानी हैं। जिसकी नीलामी दिनांक 29.05.2024 को प्रातः 11:00 बजे पंचायत समिति गोहाना के कार्यालय में की जानी निश्चित हुई है। जिस भी सज्जन ने दुकान पट्टे पर लेनी हो वह राशि मु० 5000/- (पाँच हजार रूपये) बतौर जमानत बोली से पहले मौके पर जमा करवाये। जमानत राशि जमा करवाने पर ही बोली दे सकता है। जिस सज्जन की आखिरी बोली होगी, उसी के नाम बोली छोड़ दी जाएगी। अगर बोली कम लगी तो पंचायत समिति बोली छोड़ने में बाध्य नहीं होगी। बोली दो वर्ष के लिए छोडी जाएगी। दो साल का इकरार नामा लिखकर देना होगा। बाकि शर्तें मौके पर सुना दी जायेंगी। पंचायत समिति का बकायादार नीलामी में भाग नही ले सकता।

हस्ता/- हस्ता/-
अध्यक्ष पंचायत समिति, गोहाना। कार्यकारी अधिकारी पंचायत समिति, गोहाना।

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।


**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## शब्द पहेली - 5506




**बाएँ से दाए-**
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
35. पितृपक्ष-2

**ऊपर से नीचे**
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

### शब्द पहेली - 5505 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | प | ट | ना | | ज | | अ | प | रा | ध |
| | ल | | म | | ना | वि | क | | ल | ड़ |
| ह | | | ज | ल | न | | ल | | | क |
| म | क | स | द | | खा | ना | | थ | का | न |
| रा | | ब | | म | न | | ध्व | | लि | |
| ज | प | क | र | ना | | रा | ज | कु | मा | र |
| | ह | | वा | | या | त्री | | ली | | वा |
| क | रा | र | | न | न | | अ | न | ब | न |
| म | | | ज | | चा | क | र | | | गी |
| सि | ला | | ह | म | ल | | दा | | सां | |
| न | क | सी | र | | क | | स | दा | चा | र |



भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

मतदान का दिन: 'कोई बहाना नहीं'
उंगली पर स्याही लगवाएं, लोकतंत्र का पर्व मनाएं
चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024
'मतदान का दिन: कोई बहाना नहीं'
फ़िल्म देखने के लिए QR कोड स्कैन करें
CBC 52101/13/0023/2425

# चैंपियंस लीग: रियल मैड्रिड ने फाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

रियल मैड्रिड ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बुधवार को यहां बायर्न म्यूनिख को 2-1 से हराकर तीन सत्र में दूसरी बार चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। मैड्रिड ने कुल स्कोर के आधार पर 4-3 से जीत दर्ज की। अल्फांसो डेविस ने 68वें मिनट में बायर्न को बढ़त दिलाई। बायर्न की जीत लगभग तय लग रही थी लेकिन जोसेलु ने 88वें मिनट में रियल मैड्रिड को बराबरी दिला दी। जोसेलु ने इंजरी टाइम के पहले मिनट में एक और गोल दागकर रियल मैड्रिड की जीत सुनिश्चित की और उसे फाइनल में जगह दिलाई।

# मार्सेली में शुरू हुई ओलंपिक मशाल रिले

**मार्सेली।** यूनान से तीन मस्तूल वाले जहाज पर सफर करके फ्रांस के दक्षिणी तटवर्ती शहर मार्सेली पहुंची पेरिस ओलंपिक की मशाल का सफर इस शहर की सड़कों से शुरू हुआ। मशाल अपने 11 सप्ताह के सफर में 450 से अधिक शहरों में 10000 मशालवाहकों के हाथों से गुजरकर 26 जुलाई को ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में पहुंचेगी। मार्सेली टीम के लिए नब्बे के दशक में खेलने वाले फुटबॉल खिलाड़ी बासिले बोली ने गुरुवार को मशाल रिले की शुरुआत नोत्रे डैम डे ला गार्डे बेसिलिका से की।



### दिग्गज बने मशालवाहक

बास्केटबॉल खिलाड़ी टोनी पार्कर, एक तलवारबाजी चैंपियन, एक स्केटबोर्डर, मिचेलिन में बसे एक शेफ और एक कॉमेडियन को भी मशाल थामने के लिए चुना गया। मशालवाहकों में एक यूक्रेन की जिम्नास्ट मारिया विसोचांस्का भी है जिन्होंने 2020 यूरोपीय चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीते थे और टोक्यो ओलंपिक में भी भाग लिया था। इससे पहले मार्सेली में बुधवार को रंगारंग समारोह में मशाल की अगवानी की गई। इस मौके पर करीब 230000 लोग मौजूद थे।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 |
| बेंगलोर | 12 | 5 | 7 | 10 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| पंजाब | 12 | 4 | 8 | 8 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
634 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
18 विकेट
मुंबई

## खबर संक्षेप

### जागरुकता फैलाएगा टी20 विश्व कप

**नई दिल्ली।** अमेरिका क्रिकेट के अध्यक्ष वेणु पिसिके का मानना है कि टी20 विश्व कप अमेरिका में क्रिकेट को लेकर जरूरी जागरुकता फैलाएगा। अंततः 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने का लालच स्थानीय अमेरिकियों को मुख्य रूप से प्रवासियों द्वारा खेले जाने वाले इस खेल के प्रति आकर्षित करेगा। अमेरिका इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की सह मेजबानी वेस्टइंडीज के साथ कर रहा है और अमेरिकी टीम एक जून को टूर्नामेंट के पहले मैच में अपने पड़ोसी देश कनाडा के खिलाफ खेलते हुए विश्व कप में पदार्पण करेगी।

### अंतरराष्ट्रीय मास्टर वर्गीज कोशी नहीं रहे

**चेन्नई।** अंतरराष्ट्रीय मास्टर और प्रतिष्ठित ट्रेनर तथा मार्गदर्शक वर्गीज कोशी का निधन हो गया है।



वह 66 बरस के थे। कोशी के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे हैं। कोशी को अपने फेफड़े के कैंसर के बारे में लगभग दस महीने से पता था और उन्होंने अपने हास्य के साथ इस खतरनाक बीमारी का सामना किया। उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में कहा था, 'अपना समय आ गया।' कोशी शतरंज की दुनिया के उन कुछ खिलाड़ियों में से थे जिन्होंने इस खेल को खुद सीखा।

### भारतीय क्रिकेट के लिए उम्दा प्रतिभा है अभिषेक

**हैदराबाद।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ आईपीएल के इतिहास



में लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड बनाने वाले आस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने अभिषेक शर्मा को भारतीय क्रिकेट के लिए बेहतरीन प्रतिभा बताया है। हेड ने कहा, 'अभि के साथ साझेदारी बेहतरीन थी। वह भारतीय क्रिकेट के लिए रोमांचक प्रतिभा है। हमारा तालमेल जबर्दस्त था और उसके साथ खेलने में बहुत मजा आया। वह इतना ऊर्जावान है और अपने खेल को लेकर काफी सोचता है।'

### विराट सेंचुरी से चूके, सिराज को 3 विकेट

# कोहली-पाटीदार के अर्धशतक, आरसीबी 60 रन से जीता, पंजाब प्लेऑफ की रेस से बाहर



एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने विराट कोहली और रजत पाटीदार के अर्धशतकों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बृहस्पतिवार को यहां बारिश से प्रभावित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पंजाब किंग्स को 60 रन से हराकर प्लेऑफ की अपनी उम्मीद बनाये रखी। कोहली की 47 गेंद में 92 रन की शानदार पारी आरसीबी को सात विकेट पर 241 रन के स्कोर तक पहुंचाने में अहम रही जिन्होंने पाटीदार (23 गेंद में 55 रन) के साथ 32 गेंद में 72 रन और कैमरन ग्रीन (27 गेंद में 46 रन) के साथ 46 गेंद में 92 रन की साझेदारी निभायी। पंजाब किंग्स के लिए रिली रोसोऊ ने 27 गेंद में 61 रन की पारी खेली लेकिन कर्ण शर्मा के दो झटकों से उनके विकेट पतन का सिलसिला शुरू हुआ और टीम 17 ओवर में 181 रन पर सिमट गयी। आरसीबी की यह लगातार चौथी जीत है और इस जीत की बदौलत टीम 12 मैच में 10 अंक लेकर सातवें स्थान पर पहुंच गयी। वहीं पंजाब किंग्स (08) आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी क्योंकि वह बचे हुए दो मैच जीतन के बावजूद 12 अंक तक ही पहुंच पायेगी। स्वप्निल सिंह (28 रन देकर दो विकेट), कर्ण शर्मा (36 रन देकर दो विकेट) और लॉकी फर्ग्यूसन (29 रन देकर दो विकेट) ने दो दो विकट हासिल किये जबकि मोहम्मद सिराज (73 रन देकर तीन विकेट) ने तीन विकेट झटके।

### बेंगलुरु-241/7 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| कोहली का रोसोऊ बो अर्शदीप | 92 |
| डुप्लेसी का शशांक बो कावेरप्पा | 09 |
| जैक्स का पटेल बो कावेरप्पा | 12 |
| रजत का बेयरस्टो बो करन | 55 |
| कैमरन ग्रीन बो करन बो पटेल | 46 |
| कार्तिक का करन बो पटेल | 18 |
| महिपाल लोमरोर बो पटेल | 00 |
| स्वप्निल सिंह नाबाद | 01 |

अतिरिक्त : 08
कुल : 20 ओवर में सात विकेट पर 241 रन
गेंदबाजी: विद्वथ 4-0-36-2, अर्शदीप 3-0-41-1, सैम 3-0-50-1, हर्षल 4-0-38-3, चाहर 3-0-47-0, लियाम 3-0-28-0

### पंजाब-181/10 (17)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रभसिमरन पगबाधा बो स्वप्निल | 06 |
| बेयरस्टो का डुप्लेसी बो फर्ग्यूसन | 27 |
| रोसोऊ का जैक्स बो कर्ण शर्मा | 61 |
| शशांक रन आउट (कोहली) | 37 |
| जितेश शर्मा बो कर्ण शर्मा | 05 |
| लियाम का कर्ण बो स्वप्निल सिंह | 00 |
| सैम करन बो फर्ग्यूसन | 22 |
| आशुतोष पगबाधा बो सिराज | 08 |
| हर्षल का फर्ग्यूसन बो सिराज | 00 |
| राहुल चाहर नाबाद | 05 |
| अर्शदीप का कर्ण शर्मा बो सिराज | 04 |

अतिरिक्त : 06
कुल : 17 ओवर में 181 रन पर सभी आउट
गेंदबाजी: स्वप्निल 3-0-28-2, सिराज 4-0-43-3, यश 2-0-22-0, लॉकी 3-0-29-2, जैक्स 1-0-5-0, कैमरन 1-0-16-0, कर्ण 3-0-36-2




### चेन्नई और गुजरात के बीच मुकाबला आज

**अहमदाबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के 12वें दौर के मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हराकर प्लेआफ का अपना दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। चेन्नई के 11 मैचों में 12 अंक है और गुजरात पर जीत उसके लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी क्योंकि प्लेआफ में उसकी जगह अभी भी पक्की नहीं है और एक हार उस पर भारी पड़ सकती है। दीपक चाहर और मथीशा पथिराना चोटों के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं जबकि मुस्ताफिजूर रहमान बांग्लादेश के लिए खेलने चले गए हैं। अब चेन्नई के तीनों स्पिनरों रविंद्र जडेजा, मिशेल सेंटनेर और मोईन अली पर आक्रमण का दारोमदार होगा। चेन्नई ने धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ जिस तरह 167 रन बनाने के बाद मैच जीता, उससे प्रशंसकों की उम्मीदें बंधी होंगी। गुजरात को हराकर चेन्नई अंकतालिका में हैदराबाद से ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी।

खास खबर

# मनिका ने दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी को हराया



एजेंसी ▶▶| जेद्दा

मनिका बत्रा एलीट डब्लूडब्लूटी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गई जिन्होंने दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी नीना मिट्टेलहम को हराया।

दूसरे दौर में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग मान्यु को हराने के बाद बत्रा ने जर्मनी की नीना को 22 मिनट में 11-6, 11-9, 11-7 से मात दी। यह चार प्रयासों में इस प्रतिद्वंद्वी पर मनिका की पहली जीत थी। अब उनका सामना दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी जापान की हिना हयाता से होगा। इस समय विश्व रैंकिंग में 39वें नंबर पर काबिज मनिका इस प्रदर्शन के बाद शीर्ष 25 में पहुंच जाएंगी।

### वर्ल्ड पिकलबॉल लीग के शुरुआती चरण की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व डेविस कप खिलाड़ी गौरव नाटेकर ने बृहस्पतिवार को विश्व पिकलबॉल लीग लांच करने की घोषणा की। यह लीग नाटेकर की कंपनी नाटेकर स्पोर्ट्स एंड गेमिंग और सोनी एंटरटेनमेंट टैलेंट वेंचर्स इंडिया के बीच सहयोग से आयोजित होगी। पिकलबॉल एक पैडल खेल है जिसमें टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस का मिश्रण होता है। लेकिन यह टेनिस की तुलना में छोटे कोर्ट पर खेला जाता है। लीग के शुरुआती चरण के इस साल के अंत में या 2025 की शुरुआत में आयोजित होने की संभावना है। नाटेकर ने कहा, 'भारत में शुरुआती वैश्विक पेशेवर पिकलबॉल लीग का अनावरण करने पर हमें गर्व है।' लीग के शुरुआती चरण में छह फ्रेंचाइजी खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम में अंतरराष्ट्रीय स्टार खिलाड़ियों सहित पांच से आठ खिलाड़ी होंगे। पिकलबॉल 80 से अधिक देशों में खेला जाता है। भारत के 18 राज्यों में 30,000 एमेच्योर खिलाड़ी और 8000 पंजीकृत खिलाड़ी हैं।

**अर्जुन ने कार्लसन को ड्रॉ पर रोका डी गुकेश की खराब शुरुआतः वारसॉ।** फिडे कैंडिडेट्स चैंपियन डी गुकेश की सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन एक अन्य भारतीय खिलाड़ी एरिगैसी अर्जुन पहले मुकाबले में नॉर्वे के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को ड्रॉ पर रोकने में सफल रहे। विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन ने अपनी दो अन्य बाजियां भी ड्रॉ खेली जिससे वह प्रतियोगिता के तीसरे दौर के बाद शीर्ष पर चल रहे रोमानिया के किरिल शेवचेंको से काफी पीछे हैं। गुकेश अपनी पहली दोनों बाजियां हार गए थे जबकि तीसरी बाजी में उन्होंने अंक बांटे। वह एक अंक लेकर दस खिलाड़ियों के बीच अंतिम स्थान पर चल रहे हैं।

## भारत ने बांग्लादेश महिला टीम पर 5-0 से किया क्लीन स्वीप



**सिलहट।** भारत ने गुरुवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ पांचवें और अंतिम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 21 रन से जीत हासिल कर श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप किया। बांग्लादेश ने 157 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की लेकिन बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव (तीन विकेट) के शीर्ष क्रम को झकझोरने से उसकी टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 136 रन ही बना सकी। इससे पहले रिचा घोष की तीन छक्के और एक चौके जड़ित 17 गेंद की पारी से भारत ने पांच विकेट पर 156 रन बनाए। डी हेमलता (37) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (30) ने भी तीसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़कर पारी को मजबूती दी। भारत ने श्रृंखला का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 25 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से 33 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। राबिया खान (दो विकेट) ने 16वें ओवर में भारत को दोहरा झटका दिया जबकि इससे एक ओवर पहले भी टीम ने विकेट गंवाया जिसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा ने ताबड़तोड़ पारी खेली। शेफाली वर्मा (14) और मंधाना ने पहले विकेट लिए 25 रन जोड़े। मंधाना ने हेमलता के साथ भी 37 रन की साझेदारी की।

## प्रो लीग : भारत ने घोषित की 24 सदस्यीय हॉकी टीम



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हरमनप्रीत सिंह 22 मई से शुरू हो रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत की 24 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगे। भारत यूरोप चरण में कुल आठ मैच खेलेगा। टीम दो चरण के टूर्नामेंट में अर्जेन्टीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन से दो-दो मैच खेलेगी। पहला चरण 22 से 30 मई तक बेल्जियम के एंटवर्प में होगा जबकि दूसरा चरण लंदन में एक से 12 जून तक खेला जाएगा। यह 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की तैयारी के लिए काफी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता होगी।

### टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर** : पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक। **डिफेंडर**: जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह। **मिडफील्डर** : विवेक सागर प्रसाद, निलाकांता शर्मा, मनप्रीत सिंह, शमशेर सिंह, हार्दिक सिंह, राजकुमार पाल, मोहम्मद रहील मौसीन **फॉरवर्ड** : मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, गुरजंत सिंह, आकाशदीप सिंह, अराइजीत सिंह हुंदल और बॉबी सिंह धामी।


### दोहा डायमंड लीग आज से शुरू, भाला फेंक स्पर्धा 14 से

# ओलंपिक की तैयारी शुरू करेंगे नीरज और जेना

एजेंसी ▶▶| दोहा

ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग के एक दिवसीय पहले चरण के जरिए पेरिस ओलंपिक की अपनी तैयारियां शुरू करेंगे जिसमें उनका सामना दुनिया के धुरंधर भाला फेंक खिलाड़ियों से होगा।

मौजूदा विश्व और एशियाई खेल चैंपियन भारत के भालाफेंक स्टार चोपड़ा का सामना पूर्व विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और ओलंपिक तथा विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता चेक गणराज्य के याकूब वालेश से होगा। एशियाई खेलों के रजत



पदक विजेता भारत के किशोर जेना डायमंड लीग में पदार्पण करेंगे। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 87.54 मीटर है जबकि चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

चोपड़ा ने प्रतिस्पर्धा से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मैं कल के लिए तैयार हूं। मैं लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं 90 मीटर का थ्रो भी फेकूंगा लेकिन निरंतरता अधिक जरूरी है।' यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर भी दस खिलाड़ियों में शामिल हैं जो लीग में उतरेंगे। इसके बाद लीग का दूसरा चरण 19 मई को मोरक्को में होगा। चोपड़ा यहां गत चैंपियन भी हैं जिन्होंने 2023 में वालेश और पीटर्स को हराया था। पुरुषों के क्वालीफाइंग दौर के भालाफेंक मुकाबले 14 मई को और फाइनल 15 मई को होगा।

### ओमेगा ने नीरज को खेल दूत बनाया

ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को स्विट्जरलैंड के घड़ियों के लग्जरी ब्रांड ओमेगा ने खेल दूत के रूप में अपने साथ जोड़ा है। ओमेगा इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक का आधिकारिक 'टाइमकीपर' (स्पर्धाओं के समय के लिए उपकरण मुहैया कराने वाला) है। भारत के इस स्टार खिलाड़ी को शुक्रवार को डाइमंड लीग के पहले चरण में प्रतिस्पर्धा से पहले दोहा में ओमेगा के बुटीक में आमंत्रित किया गया। इस साझेदारी पर बोलते हुए चोपड़ा ने कहा, 'मैं ऐसे प्रतिष्ठित ब्रांड का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं जो ओलंपिक खेलों में टाइमकीपिंग में इतनी बड़ी भूमिका निभाता है।' ओमेगा 1932 से लगभग सभी ओलंपिक खेलों में आधिकारिक टाइमकीपर रहा है। पेरिस 2024 में ओमेगा 31वीं बार खेलों का आधिकारिक टाइमकीपर होगा।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)
फ़ाइल संख्या File No. IC-MG-MMLT -HUK-2024
दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे निजी पार्टियों को 'होलम्बी कलां, दिल्ली डिवीजन में प्रस्तावित "विश्व स्तरीय मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स टर्मिनल" पर मूल्यवर्धित सुविधाएँ/सेवाएँ प्रदान करने के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति' आमंत्रित करता है। ईओआई के संबंध में विस्तृत जानकारी उत्तर रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट यानी www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि 10.05.2024 को 16.00 बजे तक है।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
1401/24

## चिंतन

# शेयर बाजार में लगातार हो रही गिरावट स्थायी नहीं

शेयर बाजार एक ऐसा मंच है जहां वित्तीय समर्थक, दलाल और संगठन सार्वजनिक निगमों के कुछ हिस्सों का व्यापार कर सकते हैं। शेयर बाजार व्यवसायों को पूंजी तक पहुंच प्रदान करता है और निवेशकों को उन व्यवसायों में निवेश करने का मौका देता है और संभवतः उनके पैसे पर संभावित रिटर्न प्राप्त करता है। शेयर बाज़ार वैसे ही अर्थव्यवस्था की सामान्य भलाई का संकेत है, क्योंकि बाज़ार में उतार-चढ़ाव मौद्रिक परिस्थितियों और निवेशक भावनाओं में बदलाव को प्रतिबिंबित कर सकता है, लेकिन बाजार हर छोटी और बड़ी घटना से प्रभावित होना जोखिम भरा भी होता है। विश्व स्तर के ऐसे अनेक कारक हैं जो बाजार को न केवल प्रभावित करते हैं, बल्कि उसकी चाल भी तय करते हैं। भारतीय शेयर बाजार केंद्रीय बजट, कमोडिटी की कीमतों-इनपुट लागत, सोने की कीमतों और बॉन्ड से भी प्रभावित होता है। ऐसा ही आजकल हो रहा है। बृहस्पतिवार को भारतीय शेयर बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिली। यह क्रम बीते पांच दिनों से चल रहा है। गुरुवार को सेंसेक्स 850 अंक से ज्यादा टूटकर 72,616 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 280 अंक गिरकर 22,022 पर कारोबार कर रहा था। इस गिरावट की बड़ी वजह विदेशी निवेशकों और अन्य निवेशकों की बड़ी मुनाफावसूली मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि विदेशी निवेशक इस महीने भारी बिकवाली कर रहे हैं। मई 2024 में गुरुवार तक कैश सेगमेंट से एफआईआई 15863 करोड़ रुपये बेच चुके हैं, जबकि फ्यूचर एंड ऑप्शन (एफएंडओ) सेगमेंट में एफआईआई 5,292 करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। इसके अलावा हाल ही में कुछ यूएस फेड अधिकारियों की हॉकिश बातों ने भारतीय शेयरों पर अतिरिक्त दबाव डाला है। इस महीने की शुरुआत में कुछ मुनाफावसूली देखने के बाद इस तरह के बयानों की वजह से अमेरिकी डॉलर में तेजी देखने को मिली है, जिसकी वजह से यूएस ट्रेजरी यील्ड में बढ़ोतरी देखी गई है, जिससे भारतीय शेयर बाजार प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा देश में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। जो लगातार बाजार को प्रभावित कर रहे हैं। इसी वजह से शेयर बाजार में समय से पहले मुनाफावसूली शुरू हो गई है। ये बिकवाली केवल फ्रंटलाइन लार्ज-कैप शेयरों में ही दिखाई दे रही है। बिकवाली का एक बड़ा कारण यह भी है कि वित्त वर्ष 2024 के चौथी तिमाही के नतीजे जिस तरीके के आने चाहिए थे, वो देखने को नहीं मिले हैं। इसका असर भी शेयर बाजार में देखने को मिल रहा है। इसमें किसी को शक नहीं होना चाहिए कि भारत तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, लेकिन बाजार निवेशकों को उम्मीद थी कि चौथी तिमाही के नतीजे और बेहतर आने चाहिए थे। जो न आ पाने के कारण बाजार पस्त हो रहा है। वैसे भी अब तिमाही नतीजों का मौसम खत्म होने वाला है। उससे पहले निवेशकों की ओर मुनाफा वसूली की जा रही है। जिससे बाजार गिर रहा है, लेकिन यह तय है कि ये गिरावट स्थायी नहीं है। स्थायी होने का कोई कारण भी नहीं है। उम्मीद की जानी चाहिए कि बाजार फिर तेजी की ओर लौटेगा।

# राष्ट्र प्रथम हो मतदान का आधार



आम चुनाव
अखिलेश आर्येंदु

आज का भारतीय समाज अर्थ केंद्रित है। गुण, ज्ञान, अनुभव और प्रतिभा का मूल्यांकन अच्छी नौकरी पाने या व्यापार में खूब मुनाफा कमाने तक ही सीमित हो गया है। न तो नौकरी राष्ट्र को योगदान करने की मंशा से करने की भावना है लोगों में और न तो व्यापार। यही वजह है आम चुनाव में विपक्ष द्वारा बार-बार सब को नौकरी देने जैसे असंभव माने जाने वाले कार्य को हवा दी जा रही है। रेवड़ियों को बांटने और किसानों की कर्ज माफी का जो वादा चुनाव में किए जा रहे हैं वे सत्ता हथियाने के हथियार ही नज़र आ रहे हैं। ऐसे में संकीर्ण दायरों से बाहर आना ही होगा। उम्मीद की जानी चाहिए राजनीतिक दल राष्ट्र प्रथम की भावना से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी।

चुनावी मौसम में वेद शास्त्रों व आचार्य चाणक्य के राष्ट्रपरक नीति वचन का याद आना लाजिमी है, जिसमें कहा गया है कि जनता ऐसे दूरदर्शी, त्यागी, नीतिवान व चरित्रवान व्यक्ति का चुनाव करे जिसमें दुनिया में सम्मान दिलाने की क्षमता हो। यह उपदेश तब और महत्वपूर्ण हो जाता है जब देश की नई सरकार चुनने का अवसर हो। एक नागरिक का कर्तव्य अपने देश के प्रति कैसा होना चाहिए पर चाणक्य का कहना है, कर्तव्य को विवेक से करना नीतिवान मनुष्य का प्रथम कर्तव्य है। चाणक्य इसी संदर्भ में कहते हैं-भली प्रकार सोच-विचार कर या अवसर को पहचानने के बाद ही कोई निर्णय लेना चाहिए। पांच साल के बाद जनता को यह अवसर मिलता है कि वह निवर्तमान सरकार के कार्यों, नीतियों और निर्णयों का बेहतर मूल्यांकन कर नई सरकार के लिए बगैर किसी लालच के खूब सोच-समझ कर अपना मत दे। तमाम तरह के सर्वे यह समझाने की कोशिश करते रहे हैं कि आम चुनाव में भी क्षेत्रीय मुद्दे और जात-पात की मानसिकता हावी है। ऐसे वक्त में जब दुनिया के तमाम देशों में चुनाव देश की गम्भीर समस्याओं और विकास के मुद्दे पर लड़े व जीते जाते हैं, ऐसे में भारत के इस आम चुनाव में वे मुद्दे ज्यादा हावी हैं जो राष्ट्र निर्माण की अपेक्षा व्यक्तिगत स्वार्थ साधने वाले अधिक लगते हैं। व्यक्तिगत हित साधन के मुद्दे राष्ट्र की सुरक्षा और विकास के लिए मददगार नहीं हैं। शायद हम भारतवासी बार-बार भूल करते रहे हैं कि केंद्र या राज्यों में कैसी भी सरकार हो, शासन उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप होना ही चाहिए। इस भूल ने भारत को विकास की दौड़ में दुनिया के तमाम देशों से बहुत पीछे कर दिया। हम मतदाता अपने नागरिक कर्तव्यों को बेहतर सोच व परिणाम के साथ निभाने में हमेशा पीछे रहते हैं।

ताजा सर्वेक्षण इस बात की तसदीक करते हैं कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा की अपेक्षा महंगाई और बेरोजगारी को अधिक तरजीह दी जा रही है यानी आतंक, धारा 370, समान नागरिक संहिता (कानून), विदेशी घुसपैठ जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा और अस्मिता के मुद्दे ज्यादातर लोगों के लिए कोई खास अहमियत नहीं रखते। बेहतर शासन की कवायदों की जगह आरक्षण और संविधान बचाने का सब्जबाग लोगों को शायद ज्यादा भा रहा है। यदि ऐसा है तो यह भारत जैसे देश के लिए चिंता की बात ही मानी जाएगी, क्योंकि न तो निवर्तमान सरकार आरक्षण खत्म करने जा रही है और न संविधान ही बदला जाएगा। इसका एनडीए के घोषणा पत्र में प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। राजनीति के जानकारों की माने तो यह भी हो सकता है कि, लोग केंद्र और राज्य सरकार को चुनते हुए कुछ उनके निहित स्वार्थ उन्हें राष्ट्रीय मुद्दों से दूर रखने का कार्य कर रहे हों। यह भारत जैसे बहुसंस्कृतियों और मजहब वाले देश के लिए शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता। दरअसल, राष्ट्रवादी भावना का उद्रेक भारत में खास अवसरों पर ही देखा जाता है। आजादी के बाद पिछले 76 वर्षों में राष्ट्र प्रथम का कर्तव्यबोध का संचार सतत राष्ट्र जागरण के तौर पर हुआ ही नहीं। जैसे दुनिया के तमाम देशों में हुआ। यही वजह है हर बार आम चुनाव में यह देखा गया है कि चुनाव जीतने के लिए वे मुद्दे जो



व्यक्ति केंद्रित, तुष्टिकरण या सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के मद्देनजर कर्जमाफी, आरक्षण बचाओ, संविधान बचाओ या गरीबी हटाओ जैसे मुद्दे उछाले जाते रहे।

व्यक्ति, परिवार और जाति-मजहब केंद्रित दलों की स्वार्थवादी सोच ने भारत की साख, शक्ति और अस्मिता के सवालों को कभी तवज्जो दी ही नहीं। इसका परिणाम यह हुआ कि व्यक्तिगत हित साधन और महज आत्म-केंद्रित स्वार्थों की ही पूर्ति होती रही। राष्ट्र प्रथम के बारे में सोचा ही नहीं गया। इससे आंचलिक क्षत्रपों के पारिवारिक व सामाजिक हित साधन होते रहे, लेकिन राष्ट्र व सर्वहित हमेशा पीछे छूटता रहा। यदि आजादी के 76 साल बाद भी बेरोजगारी, महंगाई ही लोगों के लिए सबसे बड़ी देश की समस्याएं हैं तो यह उसी व्यक्तिवाद और तुष्टिकरण का परिणाम है जिससे देश में तमाम तरह की समस्याएं पैदा होती रही हैं। इस चुनाव में देश संबंधी संकल्पनाओं और सर्वजन हिताय व सर्व जन सुखाय को राष्ट्र निर्माण के आधार के रूप में कुछ दलों के घोषणा पत्रों में चर्चा तो की गई है, लेकिन यह चुनाव में प्रमुख मुद्दे के रूप में चर्चित नहीं हुआ है। हैरान करने वाली बात है कि तमाम गुलामी के प्रतीकों और संस्थाओं के विरुद्ध राष्ट्रहित में कोई बुलंद आवाज सुनाई नहीं दे रही है। उसकी जगह एक दूसरे पर कीचड़ उछाल प्रतियोगिता देखने को जरूर मिल रही है। इससे किसका हित साधन होगा, कहने की जरूरत नही है। नई पीढ़ी जो 21वीं सदी के शुरुआत में पैदा हुई वह जवान हो चुकी है। उसके सामने राष्ट्र निर्माण और सर्व समाजहित की बात सोचने वाले बेदाग चरित्र नायकों का अभाव दिख रहा है। यदि भ्रष्टाचार शिष्टाचार कहा जाने लगा है और जनता इसके खिलाफ उठ खड़ी नहीं हो रही है तो यह भारतीय समाज व देश के लिए चिंता की बात ही कही जाएगी। व्यक्ति व समाज निर्माण में रोड़ा समझे जाने वाले नकारात्मक शब्दों और लोगों को यदि महिमामंडित करने की होड़ लगी हो तो, भला राष्ट्र निर्माण के पवित्र कार्य के लिए माहौल कैसे बनाया जा सकता है? मूल्याधारित राजनीति अब बीते जमाने की बात हो चुकी है, इसलिए राजनीतिक दलों से मूल्याधारित राजनीति और बेदाग छवि वाले नेताओं के नेतृत्व की आशा भी नहीं की जा सकती है। दूसरी तरफ मीडिया के अर्थ केंद्रित होने से मौजूदा राजनीति का निष्पक्ष मूल्यांकन नहीं हो पा रहा है। दाग को बार-बार दिखाने से आंखें दाग देखने की अभ्यस्त हो जाती हैं। यही वजह है कि दागदार नेताओं की बहुत बड़ी तादाद आज भारतीय राजनीति का हिस्सा बन चुकी है और उनके खिलाफ कोई आक्रोश कहीं भी दिखाई नहीं दे रहा है। हैरान करने वाली बात यह है कि दागियों के प्रति जनता में कोई आक्रोश नहीं उभरता।

आज का भारतीय समाज अर्थ केंद्रित है। गुण, ज्ञान, अनुभव और प्रतिभा का मूल्यांकन अच्छी नौकरी पाने या व्यापार में खूब मुनाफा कमाने तक ही सीमित हो गया है। न तो नौकरी राष्ट्र को योगदान करने की मंशा से करने की भावना है लोगों में और न तो व्यापार ही। यही वजह है आम चुनाव में विपक्ष द्वारा बार-बार सब को नौकरी देने जैसे असंभव माने जाने वाले कार्य को हवा दी जा रही है। रेवड़ियों को बांटने और किसानों की कर्ज माफी का जो वादा चुनाव में किए जा रहे हैं वे सत्ता हथियाने के हथियार ही नज़र आ रहे हैं। यदि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की बात कही जा रही है तो उन सभी मुद्दों, समस्याओं, विसंगतियों और खामियों पर ईमानदारी से गौर करना ही होगा जो भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में रुकावट बने हुए हैं। बढ़ती आबादी, घटते संसाधन और लोगों की अति महत्वाकांक्षा को पूरा करने की चुनौती केंद्र में आने वाली सरकार के सामने होगी ही। ऐसे में संकीर्ण दायरों और सोच से बाहर आना ही होगा। तभी भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में दुनिया को अपनी ताकत का एहसास करा सकेगा। उम्मीद की जानी चाहिए देश के सभी राजनीतिक दल राष्ट्र प्रथम की भावना से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी।

(लेखक चिंतक और समाजकर्मी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



बैजनाथ मंदिर हिमाचल प्रदेश के सबसे लोकप्रिय मंदिरों में से एक है और यहां भगवान शिव को 'उपचार के देवता' के रूप में पूजा जाता है। बैजनाथ या वैद्यनाथ महान भगवान शिव के अवतार हैं, और इस अवतार में, महान भगवान अपने भक्तों को सभी दुखों और पीड़ाओं से मुक्त करते हैं।

परशुराम जयंती
श्वेता गोयल



# कालांतर तक अमर हैं परशुराम

हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को भगवान परशुराम की जयंती मनाई जाती है, जो इस बार 10 मई को है। भगवान परशुराम का जन्म त्रेता युग में भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में भार्गव वंश में सप्तऋषि में से एक ऋषि जमदग्नि और माता रेणुका के यहां हुआ था। मान्यता है कि परशुराम के जन्म के पूर्व रेणुका तीर्थ पर जमदग्नि और रेणुका ने भगवान शिव की कठोर तपस्या की थी, जिससे प्रसन्न होकर शिव ने उन्हें वरदान दिया था कि स्वयं भगवान विष्णु रेणुका के गर्भ से जमदग्नि के पांचवें पुत्र के रूप में पृथ्वी पर अवतार लेंगे। भगवान परशुराम को भगवान शिव और विष्णु का संयुक्त अवतार माना जाता है और मान्यता है कि उन्होंने भगवान विष्णु से पालनहार के गुण और दुष्टों का संहार करने के लिए भगवान शिव से युद्ध कला में निपुणता हासिल की। बगैर किसी अस्त्र के ही उन्होंने बहुत सारे असुरों का नाश किया। भगवान परशुराम का उल्लेख रामायण, महाभारत, भागवत पुराण, कल्कि पुराण इत्यादि अनेक ग्रंथों में है। अपने पिता की हत्या के प्रतिशोध में उन्होंने 21 बार पृथ्वी से क्षत्रियों का विनाश किया। उनकी दानशीलता ऐसी थी कि एक बार उन्होंने समस्त पृथ्वी ही ऋषि कश्यप को दान कर दी थी। उनके शिष्य बनने का लाभ दानवीर कर्ण ही ले पाए थे, जिसे उन्होंने ब्रह्मास्त्र की दीक्षा दी थी। धर्मग्रंथों के अनुसार पृथ्वी पर रहने वालों में परशुराम और रावण के पुत्र इंद्रजीत को ही सबसे खतरनाक, अद्वितीय और शक्तिशाली अस्त्र, ब्रह्मांड अस्त्र, वैष्णव अस्त्र तथा पशुपत अस्त्र प्राप्त थे। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं और परशुराम भी विष्णु के अवतार हैं, इसीलिए परशुराम को भगवान विष्णु और भगवान राम दोनों के समान शक्तिशाली माना गया है। भगवान परशुराम क्रोध के पर्याय रहे हैं, इसलिए उन्हें भगवान विष्णु का आवेशावतार भी कहा जाता है। माता-पिता के प्रति परशुराम का समर्पण ऐसा था कि वे उनकी आज्ञा का पालन करने के लिए कुछ भी कर सकते थे। एक बार उनकी माता रेणुका पानी भरने नदी किनारे गई, लेकिन कुछ देवताओं के आने के कारण उन्हें आश्रम लौटने में विलंब हो गया। ऋषि जमदग्नि ने अपनी शक्ति से इसका कारण जान लिया और रेणुका के आने पर अत्यधिक क्रोधावस्था में अपने पांचों पुत्रों को बुलाकर उन्हें अपनी माता का वध करने की आज्ञा दी। परशुराम को छोड़कर चारों भाईयों ने माता के प्रति प्रेमभाव व्यक्त करते हुए पितृ आज्ञा मानने से इन्कार कर दिया। क्रोधित जमदग्नि ने चारों को पत्थर बनने का श्राप दे दिया। परशुराम ने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए उनके चरणों में सिर झुकाकर अपने अस्त्र फरसे से तुरंत माता रेणुका का वध कर दिया। इस पर जमदग्नि उनसे खुश हुए और मनचाहा वरदान मांगने को कहा। परशुराम ने माता रेणुका सहित चारों भाईयों को पुनः जीवित करने का वरदान मांगा और जमदग्नि ने सभी को नवजीवन प्रदान किया। अरुणाचल प्रदेश के लोहित जिले में स्थापित परशुराम कुंड के संबंध में मान्यता है कि परशुराम ने अपनी माता का वध करने के बाद इस कुंड में स्नान कर अपने पाप का प्रायश्चित किया था। हिंदू पुराणों के अनुसार परशुराम को कलियुग में ऋषि के रूप में पूजा जाता है और उन्हें आंठवें मानवतारा के रूप में सप्तऋषि के रूप में गिना जाता है। उनकी गिनती महर्षि वेदव्यास, अश्वत्थामा, बलि, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य, मार्कन्डेय सहित उन आठ अमर किरदारों में होती है, जिन्हें कालांतर तक अमर माना जाता है।

(लेखिका शिक्षिका0 हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# धैर्य के साथ करें आत्ममूल्यांकन



संकलित
दर्शन

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्ती का एक मौन संदेश हुआ करता है और वह है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करते।हम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता है कि हमारे हर दुख कष्ट आदि के लिए हम ही जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा नहीं।


# क्या आपकी दुकान में ईश्वर मिलेंगे?



संकलित
प्रेरणा

आठ साल का एक बच्चा एक रुपए का सिक्का मुट्ठी में लेकर एक दुकान पर जाकर कहाः क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे?दुकानदार ने यह बात सुनकर सिक्का नीचे फेंक दिया और बच्चे को निकाल दिया। बच्चा पास की दुकान में जाकर 1 रुपए का सिक्का लेकर चुपचाप खड़ा रहा! लेकिन, उस अबोध बालक ने हार नहीं मानी। एक दुकान से दूसरी दुकान, दूसरी से तीसरी, ऐसा करते करते कुल चालीस दुकानों के चक्कर काटने के बाद एक बूढ़े दुकानदार के पास पहुंचा। उस बूढ़े दुकानदार ने पूछाः तुम ईश्वर को क्यों खरीदना चाहते हो? क्या करोगे ईश्वर लेकर? बच्चे ने बड़े उत्साह से उत्तर दियाः इस दुनिया में मां के अलावा मेरा और कोई नहीं है। मेरी मां दिनभर काम करके मेरे लिए खाना लाती है। मेरी मां अब अस्पताल में हैं। अगर मेरी मां मर गई तो मुझे कौन खिलाएगा ? डाक्टर ने कहा है कि अब सिर्फ ईश्वर ही तुम्हारी मां को बचा सकते हैं। क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदारः हां, मिलेंगे! कितने पैसे हैं तुम्हारे पास? बच्चाः सिर्फ एक रुपए। बच्चे की मां का ऑप्रेशन हुआ। और बहुत जल्द ही वह स्वस्थ हो उठीं। डिस्चार्ज के कागज़ पर अस्पताल का बिल देखकर उस महिला के होश उड़ गए। डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन देकर कहाः टेंशन की कोई बात नहीं है। एक वृद्ध सज्जन ने आपके सारे बिल चुका दिए हैं। साथ में एक चिट्ठी भी दी है। महिला चिट्ठी खोलकर पढ़ने लगी, उसमें लिखा था, मुझे धन्यवाद देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपको तो स्वयं ईश्वर ने ही बचाया है.. मैं तो सिर्फ एक ज़रिया हूं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रेडक्रास का सर्वकालिक महत्त्व

दुनिया में मानवता सबसे बड़ा धर्म है। मानवता को दर्शाते दुनिया में बहुत से दिवस मनाए जाते हैं। इन्हीं में से एक है विश्व रेडक्रॉस दिवस। यह हर वर्ष 8 मई को मनाया जाता है। इस बार इस दिवस का थीम है 'मैं खुशी के साथ देता हूं और जो खुशी मैं देता हूं वह एक इनाम है'। इस थीम से ही साबित हो रहा है कि यह संस्था निस्वार्थ भाव से काम कर रही है, दूसरों की मदद करके जो खुशी हासिल होती है, वो ही सच्चा इनाम होता है।इतिहासकार बताते हैं कि इस दिवस के मनाने का मुख्य कारण हेनरी ड्यूनेंट के जन्मदिन पर उनको याद करना है। वर्ष 1859 में सोल्फेरिनो युद्ध में हजारों सैनिकों की मृत्यु हो गई थी और हजारों घायल भी हुए थे। इन घायल सैनिकों की हालत देखकर हेनरी ड्यूनेंट का हृदय विचलित हुआ तो उन्होंने इन सैनिकों की मदद की थी। *–रवि प्रकाश शर्मा, महासमुंद*

## करंट अफेयर

# भारत की तीस्ता परियोजना में सहयोग की पेशकश

बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद ने बृहस्पतिवार को बताया कि भारत ने बांग्लादेश में सीमा पार तीस्ता नदी पर एक जलाशय के निर्माण के लिए सहयोग देने की पेशकश की है। बांग्लादेश के दौरे पर आए विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने प्रधानमंत्री शेख हसीना और हसन से मुलाकात की, जिसके बाद बांग्लादेशी मंत्री ने यह जानकारी दी। तीस्ता जल का बंटवारा भारत और बांग्लादेश के बीच एक विवादास्पद मुद्दा है और मुख्य रूप से इसी कारण बांग्लादेश ने जलाशय के निर्माण की पहल की और चीन ने इस परियोजना का समर्थन करने की तुरंत इच्छा जताई। क्वात्रा बुधवार शाम ढाका पहुंचे। महमूद ने क्वात्रा से मिलने के बाद संवाददाताओं से कहा, 'आप जानते हैं कि हमने तीस्ता से जुड़ी एक बड़ी परियोजना शुरू की है। भारत उसका वित्त-पोषण करना चाहता है। हमने कहा कि परियोजना हमारी जरूरतों के अनुरूप होनी चाहिए, इसे हमारी जरूरतों को पूरा करना होगा।' बहरहाल, मंत्री ने भारत के प्रस्ताव के बारे में विस्तार से नहीं बताया। बांग्लादेश ने कुछ महीने पहले कहा था कि वह भारत से बांग्लादेश में प्रवेश करने वाली तीस्ता पर जलाशय बनाने के चीनी प्रस्ताव से जुड़ी 'भू-राजनीति' पर गौर करेगा।



## ऑफ बीट

# जलवायु परिवर्तन बन रहा अत्यधिक बारिश का कारण

अभूतपूर्व बाढ़ के बारे में मीडिया लेखों में, आप अक्सर यह कथन सुनेंगे कि प्रत्येक 1° सेल्सियस वार्मिंग बढ़ने पर, वातावरण लगभग 7% अधिक नमी धारण कर सकता है। यह आंकड़ा फ्रांसीसी इंजीनियर साडी कार्नोट द्वारा किए गए शोध से आया है और 200 साल पहले इसी साल प्रकाशित हुआ था। अब हम जानते हैं कि कहानी में और भी बहुत कुछ है। हाँ, अधिक गर्म वातावरण में अधिक नमी धारण करने की क्षमता होती है। लेकिन बारिश की बूंदें बनाने के लिए जलवाष्प के संघनन से गर्मी निकलती है। यह, बदले में, गरज के साथ मजबूत संवहन को बढ़ावा दे सकता है, जो बाद में काफी अधिक बारिश कर सकता है। इसका मतलब यह है कि अत्यधिक वर्षा की तीव्रता प्रति डिग्री वार्मिंग से 7% से अधिक बढ़ सकती है। हम जो देख रहे हैं वह यह है कि गरज के साथ बौछारें उस दर से लगभग दोगुनी या तिगुनी हो सकती हैं – वार्मिंग की प्रत्येक डिग्री के लिए लगभग 14–21% अधिक बारिश। तूफान दुनिया भर में अत्यधिक बाढ़ का एक प्रमुख कारण है, जो ब्राजील की विनाशकारी बाढ़ में योगदान देता है, जिसने सैकड़ों शहरों को जलमग्न कर दिया और दुबई के हवाई अड्डे और सड़कों पर पानी भर गया।



## ट्रेंड

### जलवायु संबंधी खतरे देखे



डब्लूएमओ रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में लैटिन अमेरिका और कैरेबियन में रिकॉर्ड जलवायु संबंधी खतरे देखे गए। खतरनाक मौसम और जलवायु से सुरक्षा प्रदान करने के लिए क्लाइमेट एक्शन की तत्काल आवश्यकता और प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के महत्व का एक और रिपोर्ट।
-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### आध्यात्मिक रहें



आध्यात्मिक विद्या सब प्रकार की विद्याओं में श्रेष्ठ है। आध्यात्मिक बल विषम परिस्थितियों में सहायक है। अध्यात्म हमारे स्वभाव की यात्रा है, जिसका फलादेश है-अज्ञान जनित विकारों से मुक्ति। अतः जीवन की दिव्यता के उदय हेतु आध्यात्मिक रहें।
-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### नफरत नहीं, नौकरी चुनो



देश के युवाओं! 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और हमारी गारंटी है कि 15 अगस्त तक हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे। मोदी के झूठे प्रचार से भटकना मत, अपने मुद्दों पर डटे रहना। इंडिया की सुनो, नफरत नहीं, नौकरी चुनो।
-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### बीजेपी आरक्षण ख़त्म करेगी



बीजेपी का नेता आदिवासी युवक के सिर पेशाब करता है। गुजरात में गेंद छूने पर दलित बच्चे का अंगूठा काट लिया गया। बीजेपी दलितों पिछड़ों आदिवासियों से नफ़रत करती है। बीजेपी आरक्षण ख़त्म करेगी।
-संजय सिंह, आप नेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# सियासी संग्राम : नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप की जंग जारी

## अमित शाह ने कांग्रेस नेता पर बोला हमला

# मोदी की भारतीय और राहुल की चीनी गारंटी के बीच मुकाबला

**हैदराबाद (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2024 का चुनाव राहुल गांधी बनाम नरेन्द्र मोदी है और इसमें मुकाबला विकास के लिए वोट और 'जिहाद के लिए वोट' के बीच है। तेलंगाना के भोनगीर लोकसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'भारतीय गारंटी' और राहुल गांधी की 'चीनी गारंटी' के बीच हैं। कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) को 'तुष्टीकरण की तिकड़ी' बताते हुए शाह ने कहा कि ये दल राम नवमी जुलूस नहीं निकालने देते और संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) का विरोध भी करते हैं।



### तीन चरणों में भाजपा को मिलेंगी 200 सीटें

उन्होंने कहा, "ये लोग हैदराबाद मुक्ति दिवस नहीं मनाने देते। ये लोग सीएए का विरोध करते हैं। ये लोग तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चलाना चाहते हैं।" शाह ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के अब तक हुए पहले तीन चरणों में भाजपा को करीब 200 सीटों पर जीत मिलेगी और पार्टी को 400 सीट के लक्ष्य को पार कराने में मदद के लिए तेलंगाना को वोट देना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2019 में तेलंगाना की 17 में से चार लोकसभा सीट पर जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को समझ लेना चाहिए कि भाजपा इस चुनाव में 10 सीट से ज्यादा पर विजय सुनिश्चित करेगी।

### कांग्रेस आरक्षण में सेंध लगाने का काम कर रही

भाजपा पर संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने के कांग्रेस के आरोपों का जिक्र करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस झूठ के सहारे चुनाव लड़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कहती है कि मोदी आरक्षण समाप्त कर देंगे लेकिन उन्होंने पिछले 10 साल में पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में रहते हुए ऐसा कुछ नहीं किया। शाह ने आरोप लगाया कि तेलंगाना में हालांकि कांग्रेस ने मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देकर अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के आरक्षण में सेंध लगाई। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आई तो मुस्लिम आरक्षण को समाप्त कर देगी और एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण बढ़ाएगी।

## राहुल गांधी का प्रधानमंत्री पर तीखा प्रहार

# मोदी के हाथों से फिसलता जा रहा लोकसभा चुनाव

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव धीरे-धीरे प्रधानमंत्री मोदी के हाथ से फिसलता जा रहा है और अब वह देश के युवाओं को ध्यान भटकाने के लिये कुछ नया नाटक करने की कोशिश करेंगे। एक वीडियो संदेश में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने युवाओं से प्रधानमंत्री के प्रचार से विचलित न होने का आग्रह किया और उन्हें आश्वासन दिया कि चार जून को एक बार जब विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' अपनी सरकार बना लेगा तो वह उन्हें 15 अगस्त तक 30 लाख नौकरियां देने का काम शुरू कर देगी। युवाओं को देश की ताकत बताते हुए गांधी ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव मोदी के हाथ से फिसल रहा है और वह अब प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे।



### चार जून को इंडिया की सरकार बनने जा रही

उन्होंने कहा, "चुनाव उनके हाथ से निकलता जा रहा है। वह फिसल रहे हैं और वह भारत के प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। उन्होंने अगले चार-पांच दिनों में आपका ध्यान भटकाने और किसी तरह का नाटक करने का फैसला किया है। लेकिन आपका ध्यान नहीं भटकना चाहिए।" गांधी ने 'एक्स' पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा, "देश के युवाओ! चार जून को 'इंडिया' की सरकार बनने जा रही है और हमारी गारंटी है कि 15 अगस्त तक हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे। नरेन्द्र मोदी के झूठे प्रचार से भटकना मत, अपने मुद्दों पर डटे रहना। 'इंडिया' की सुनो। नफरत नहीं, नौकरी चुनो।"

### 'त्वचा के रंग' को लाकर पीएम ने 'घोर नस्लीय' रुख अपनाया : चिदंबरम

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी विमर्श में 'त्वचा के रंग' का मुद्दा लाकर 'घोर नस्लीय' रुख अपनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष द्वारा यशवंत सिन्हा की उम्मीदवारी का समर्थन उनकी त्वचा के रंग के आधार पर नहीं किया गया था। राष्ट्रपति पद के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगी दलों ने द्रौपदी मुर्मू का समर्थन किया था, वहीं कांग्रेस समेत 17 विपक्षी दलों ने यशवंत सिन्हा का समर्थन किया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री चिदंबरम ने कहा, "एक उम्मीदवार का समर्थन त्वचा के रंग के आधार पर नहीं था। दूसरे उम्मीदवार का विरोध त्वचा के रंग के आधार पर नहीं था।

## कांग्रेस रंग के आधार पर कर रही भेदभाव

# राहुल के सिपहसालार ने भारत को बांटने की बात की : नड्डा



**चित्रकूट (उप्र) (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की हाल की एक टिप्पणी की कड़ी आलोचना करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के एक सलाहकार ने भारत को रंग के आधार पर बांटने की बात की है। नड्डा ने यहां एक चुनावी रैली को सम्बोधित करते हुए कहा, "राहुल गांधी के एक सिपहसालार और सलाहकार ने भारत को त्वचा के आधार पर विभाजित करने की बात की है। ऐसे लोग भारत की संस्कृति के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।" प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी बुधवार को त्वचा के रंग संबंधी सैम पित्रोदा की टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस पर हमला किया था और कहा था कि देशवासी त्वचा के रंग के आधार पर अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। मोदी ने कहा था कि उन्हें अब समझ आ गया है कि कांग्रेस राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रपति मुर्मू को हराना चाहती थी क्योंकि उनकी 'त्वचा का रंग गहरा है।' 'ओवरसीज कांग्रेस' के अध्यक्ष रहे पित्रोदा ने टिप्पणी थी कि देश के पूर्वी हिस्सों के लोग चीनियों जैसे दिखते हैं, जबकि दक्षिण के लोग अफ्रीकियों जैसे दिखते हैं।

## हम अदालत के फैसले का सम्मान करते हैं

# राम मंदिर पर 'बाबरी ताला' लगाने का आरोप झूठ : प्रियंका



**रायबरेली (उप्र) (भाषा)।** कांग्रेस के सत्ता में आने पर अयोध्या के राम मंदिर में 'बाबरी ताला' लगा दिये जाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आरोप को 'सरासर झूठ' करार देते हुए पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी कई बार कह चुकी है कि वह अदालत के फैसले का सम्मान करती है। रायबरेली में अपने भाई एवं कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के पक्ष में प्रचार कर रही प्रियंका ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में 'बाबरी ताले' को लेकर प्रधानमंत्री द्वारा लगाये गये आरोप के बारे में पूछे जाने पर कहा, "यह सरासर झूठ है। कांग्रेस पार्टी ने कई बार कहा है कि वह (राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद मामले में) अदालत के फैसले का सम्मान करेगी। हमने (अतीत में) ऐसा किया है और भविष्य में भी ऐसा ही करेंगे।" गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के धार में कहा था कि वह चाहते हैं कि भाजपा-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) मौजूदा लोकसभा चुनाव में 400 सीट जीते, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कांग्रेस कश्मीर में अनुच्छेद 370 वापस न लाये और अयोध्या में राममंदिर पर 'बाबरी ताला' न लगाये।

## हार के डर से घबराए हुए

# भाजपा नेता अपनों पर ही हमला कर रहे : अखिलेश



**बहराइच (भाषा)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अडाणी-अम्बानी से जुड़ी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी पर तंज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा के लोग आजकल इतने घबराये हुए हैं कि वे अपने ही लोगों पर हमला करने लगे हैं। उन्होंने बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद को पद से हटाये जाने की तरफ भी इशारा करते हुए कहा कि एक दल (भाजपा) अपनों पर हमला कर रहा है तो दूसरा अपनों को ही निकाल रहा है। उन्होंने दावा किया कि इन दोनों पार्टियों के बीच साठगांठ हैं। यादव ने बहराइच में एक चुनावी जनसभा में अपने सम्बोधन में मोदी द्वारा बुधवार को अडाणी-अम्बानी को लेकर की गयी एक टिप्पणी की तरफ इशारा करते हुए कहा, "चुनाव में आपको सावधान रहकर बहुत समझदारी से फैसला करना होगा क्योंकि भाजपा के लोग आजकल घबराए हुए हैं और इतने घबराए हुए हैं कि वे अपने ही लोगों पर हमला करने लगे हैं।" उन्होंने कहा, "प्रधान सांसद जी का कल का भाषण आपने सुना होगा। अभी तक तो हमें, आपको और सबको बुरा-भला कहते थे लेकिन आज अपने-अपनों पर ही हमला कर रहे हैं।'

## देश को बांटने का काम कर रही कांग्रेस

# पित्रोदा का बयान अति निंदनीय माफी मांगनी चाहिए : योगी



**लखनऊ (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के ताजा बयान को भारत को रंग और चमड़ी के आधार पर बांटने का प्रयास करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इससे 140 करोड़ भारतवासियों का अपमान हुआ है और कांग्रेस को इसके लिये माफी मांगनी चाहिये। मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में पित्रोदा के बयान को लेकर कांग्रेस की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा, "सैम पित्रोदा कांग्रेस के बुद्धिदाता हैं। वह कांग्रेस की बांटो और राज करो की नीति को बयान कर रहे हैं। कांग्रेस में सत्ता प्राप्ति की अतिलिप्सा है। पित्रोदा का बयान अत्यंत निंदनीय है। कांग्रेस सैम पित्रोदा के मुंह से जो बोलवा रही है, उसके लिए उसे देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।" उन्होंने कहा, "कांग्रेस के लोग भारत को रंग एवं चमड़ी के आधार पर बांटने का प्रयास कर रहे हैं। यह देश के प्रति साजिश का पर्दाफाश होने के साथ ही कांग्रेस की बहुत खतरनाक मंशा भी है। यह शर्मनाक और निंदनीय बयान भारत जैसे सनातन देश में 140 करोड़ भारतवासियों को अपमानित करने वाला है।'

## झारखंड में निर्मला सीतारमण का बड़ा हमला

### रांची में प्रबुद्ध वर्ग के लोगों के साथ किया संवाद कार्यक्रम

# यहां हर सिग्नेचर के लिए वसूली दीवार से पाताल तक मिल रहा कैश

**रांची।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रांची में प्रबुद्ध वर्ग के लोगों के साथ एक संवाद कार्यक्रम में कहा कि झारखंड में इस कदर भ्रष्टाचार है कि यहां हर सिग्नेचर के लिए पैसे की वसूली होती है। कानून व्यवस्था इतनी खराब है कि रंगदारी की रकम न देने पर व्यवसायियों की हत्या तक हो रही है। यहां दीवार से लेकर पाताल तक कैश मिल रहा है। ये हालात बदलना चाहिए। यहां के लोगों को भ्रष्टाचार मुक्त राज्य और देश के लिए वोट करना चाहिए।'पूर्वी भारत विकसित भारत के लिए उन्नति का इंजन' विषय पर संवाद कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने कहा कि जब बिहार से झारखंड अलग हुआ था, तब लगा था कि इसे जंगल राज से मुक्ति मिलेगी, लेकिन दुख की बात है कि पिछले साढ़े चार से यहां नया जंगल राज शुरू हो गया।

- कानून व्यवस्था इतनी खराब कि रंगदारी के लिए व्यवसायियों की हो रही हत्याएं



## चुनाव के बीच आंध्र प्रदेश में मिला रुपयों का पहाड़

### पीवीसी पाइप ले जा रहे ट्रक से कैश बरामद



**गरिकापाडु।** आंध्र प्रदेश में चुनाव से पहले पुलिस ने एनटीआर जिले में एक अंतरराज्यीय जांच चौकी पर बड़ी मात्रा में कैश जब्त किया है। चौकी पर एक पीवीसी पाइप ले जा रहे ट्रक को जैसे ही पुलिस ने रोककर जांच की, तो उसके होश उड़ गए। पाइप के साथ उसे 8.36 करोड़ कैश मिला। पुलिस के मुताबिक, चित्तूर जिले का ट्रक शेख अजीज नाम के व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस ट्रक चालक सीएच शनमुगन और क्लीनर, पी शेखर रेड्डी से पूछताछ कर रही है।

### अब दिल्ली में ही वोट दे सकेंगे विस्थापित कश्मीरी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कश्मीर में विस्थापित वोटर्स के लिए चार खास पोलिंग बूथ तैयार किए हैं। चुनाव आयोग यह सुनिश्चित करना चाहता है कि चुनाव की प्रक्रिया से कोई भी अछूता न रहे, इसी को ध्यान में रखते हुए विस्थापित कश्मीरियों के लिए इन बूथ को तैयार किया गया। अनंतनाग में 25 मई को मतदान होना है, जबकि श्रीनगर में 13 मई को मतदान होगा और बारामूला में 20 मई को मतदान होगा। घाटी में मतदान के लिए चुनाव आयोग खास तैयारी कर रहा है।

### दिल्ली में सात सीटों पर 162 उम्मीदवार मैदान में

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली में लोकसभा की सभी सात सीट पर 25 मई को होने वाले मतदान के लिए कुल 162 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें सर्वाधिक प्रत्याशी उत्तर-पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में हैं। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि नौ मई थी। नामांकन प्रक्रिया 29 अप्रैल को शुरू हुई थी और यह छह मई तक जारी रही। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय द्वारा साझा किये गए आंकड़ों के अनुसार, नयी दिल्ली लोकसभा सीट से कुल 17 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

### भाजपा बंगाल के लोगों का अपमान कर रही : अभिषेक

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भाजपा पर राज्य और यहां के लोगों की छवि को धूमिल करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने पश्चिम बंगाल के 10 करोड़ लोगों को अपमानित करने के लिए भाजपा की निंदा की। बीरभूम लोकसभा सीट पर तृणमूल उम्मीदवार शताब्दी रॉय के समर्थन में एक ऑनलाइन सभा को संबोधित करते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा कि लोगों को शर्मिंदा और अपमानित करने की साजिश रचने वालों के असली इरादों का खुलासा कर दिया है।

### मतदान बढ़ाने के लिए लकी ड्रॉ का भी इंतजाम

**इंदौर (मध्यप्रदेश) (भाषा)।** इंदौर लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को होने वाले मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से 11 ग्राम पंचायतों ने मतदाताओं के लिए "लकी ड्रॉ" के आयोजन का फैसला किया है। इसमें जिन मतदाताओं की किस्मत खुलेगी, उन्हें नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और मतदाता जागरूकता अभियान के प्रभारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि सांवेर क्षेत्र की 11 ग्राम पंचायतें मतदान के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के वास्ते "लकी ड्रॉ" का आयोजन करेंगी।

# ओडिशा : सियासी चक्रव्यूह में आमने-सामने भाजपा और बीजद

## दोनों दलों की घेराबंदी कर कांग्रेस चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटी

ओ.पी. पाल ▸▸ नई दिल्ली

ओडिशा में सत्तारूढ़ दल बीजू जनता दल के तिलिस्म को तोड़ने के लिए राजनीतिक दलों में प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। ओडिशा की सियासत में दोस्ती करके कांग्रेस को पछाड़ने वाले बीजद व भाजपा में इस बार चुनावी गठबंधन परवान नहीं चढ़ सका है। इसलिए भाजपा ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में बीजद की दो तरफा घेराबंदी करके ऐसा सियासी चुनावी चक्रव्यूह रचा है, जिसका मकसद लोकसभा में अधिकांश सीटों पर जीत हासिल करने के साथ ही भाजपा विधानसभा चुनाव में भी बीजद को पटखनी देना है, लेकिन पिछले ढ़ाई दशक से सत्तारूढ़ बीजद का गढ़ बन चुके ओडिशा में किसी भी दल के लिए सियासी चुनौती देने की डगर आसान नहीं होगी? सियासी गलियारों में चर्चा है कि बीजद भी प्रतिद्वंद्वी दलों के खिलाफ नई चुनावी रणनीति के साथ अपने सियासी वर्चस्व को बरकरार रखने के लिए मजबूती के साथ चुनावी जंग के मैदान हैं। ओडिशा के इस चुनाव में भाजपा और बीजद के साथ सीधा मुकाबला होने के आसार है, लेकिन कांग्रेस भी दो हजार के दशक से पहले की सियासी जमीन पर वापसी करने के इरादे इस चुनावी जंग को त्रिकोणीय बनाने का भरकस प्रयास कर रही है।

### कांग्रेस की आक्रामण रणनीति



लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को ओडिशा के पहले दौर के चुनाव में चार लोकसभा और 28 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। इस बार यहां लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा व बीजद के बीच गठबंधन करके चुनाव मैदान में आने की कवायद चली, लेकिन ऐनवक्त पर शायद भाजपा के अनुसार सीटों पर बिगड़ी बात को लेकर इन दोनों का गठबंधन पटरी पर नहीं आ सका। इसी वजह से भाजपा ने ओडिशा में बीजद को दोहरी चुनौती देने की चुनावी रणनीति का ताना बाना बुना, जिसमें बीजद के कद्दावर सांसद भृतहरि महताब समेत कई दिग्गज नेताओं को भाजपा में शामिल कर लिया और लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव में भी बीजद के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। जबकि इससे पहले 1998 से 2009 तक यानी चार बार लोकसभा चुनाव गठबंधन करके लड़े है, जिसका लाभ यहां से धीरे धीरे कांग्रेस का प्रभाव कम होता चला गया। इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कर रही कांग्रेस ने भी इस बार ओडिशा में चुनावी रण में अपने पुराने वर्चस्व को हासिल करने के इरादे से भाजपा और बीजद को चुनौती देने की आक्रमक रणनीति तैयार की है। मसलन ओडिशा में लोकसभा चुनाव में भाजपा और बीजद के सभी 21 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं, तो वहीं कांग्रेस ने 20 प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है और एक सीट अपने सहयोगी दल झामुमो को दी है। हालांकि ओडिशा में सीपीआई, सीपीआईएम, एआईएफबी, बसपा व आप जैसे दलों ने भी सियासी जमीन तलाशने के लिए कुछ सीटों पर अपने प्रत्याशियों पर दांव खेला है। खास बात ये भी गौरतलब है कि भाजपा और बीजद के बीच गठबंधन टूटने के बाद ओडिशा राजनीतिक विरोध के बावजूद नवीन पटनायक की बीजद राजग का हिस्सा न होते हुए भी संसद के भीतर और बाहर राष्ट्रीय मुद्दों पर भाजपा के लिए संकट मोचक के रुप में नजर आई। यानी राष्ट्रीय मुद्दों पर हमेशा ही हर बार मोदी सरकार का समर्थन किया। अटल बिहारी बाजपेयी की केंद्र सरकार में बीजद प्रमुख नवीन पटनायक इस्पात व खान मंत्री रह चुके हैं।

- बीजद और भाजपा में इस बार नहीं हो सका गठबंधन
- कद्दावर सांसद भृतहरि महताब समेत कई दिग्गजों को पार्टी में शामिल करा खोला मोर्चा

### चुनावी इतिहास

ओडिशा राज्य की 21 लोकसभा सीटों के लिए बारहवीं लोकसभा के लिए 1998 में पहली बार भाजपा व बीजद ने मिलकर चुनाव लड़ा, जिसमें बीजद नौ व भाजपा सात सीटों पर जीतकर आया तो यहां से कांग्रेस का वर्चस्व कम होने लगा। इसके बाद दोनों दलों ने गठबंधन के साथ तीन और चुनाव लड़े और दोनों के सियासी जनाधार में सुधार आया, तो यह बीजद का गढ़ बन गया। साल 2014 में पहली बार दोनों दलों ने अलग चुनाव लड़ा, तो बीजद का सबसे ज्यादा 20 सीटे मिली और बाकी एक सीट भाजपा के खाते में गई। जबकि पिछले 2019 चुनाव में भाजपा ने आठ सीट जीतकर वापसी की और कांग्रेस को एक सीट पर संतोष करना पड़ा। इससे पहले ओडिशा के लोकसभा चुनावों में साल 1967,1977 और 1989 के चुनाव छोड़कर ज्यादातर चुनाव में कांग्रेस ही सिरमौर रही है, जिसे आखिरी बार 1996 के चुनाव में दहाई के अंक में सीटे मिली, लेकिन उसके इससे पहले चुनाव तक एक सीट पर आकर सिमट गई। फिलहाल ओडिशा में लोकसभा की 21 में बीजद 12, भाजपा आठ और कांग्रेस एक सीट पर काबिज है। जबकि विधानसभा की 147 सीटों में से बीजद के 112, भाजपा के 23 तथा कांग्रेस के नौ विधायक हैं।



### राज्य में 3,36,46,762 मतदाता

राज्य में कुल वोटरों की संख्या 3,36,46,762 है, जिनमें 1,70,39,900 पुरुष, 1,66,03,401 महिला तथा 3,461 थर्डजेंडर मतदाता शामिल हैं। इस चुनाव में 18-19 आयु वर्ग के 7,99,334 युवा मतदाता पहली बार वोटिंग करेंगे। इनके अलावा ओडिशा में 5.20 लाख दिव्यांग, तीन लाख 85 साल से अधिक आयु के बुजर्गो के अलावा सौ साल से अधिक आयु के नौ हजार मतदाता भी मतदान करेंगे।

### चार चरणों में चुनाव

**पहला चरण (13 मई)**
कालाहांडी, नबरंगपुर, बेरहामपुर, कोरापुट लोकसभा के साथ 28 विधानसभा सीट।

**दूसरा चरण (20 मई)**
बरगढ़, सुंदरगढ़, बोलांगीर, कंधमाल, अस्का लोकसभा के साथ में 35 विधानसभा सीट।

**तीसरा चरण(25 मई)**
संबलपुर, क्योंझर, ढेंकनाल, पुरी, भुवनेश्वर, कटक लोकसभा के साथ में 42 विधानसभा सीट।

**चौथा चरण (01 जून)**
मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर लोकसभा के साथ में 42 विस सीट।

**ओडिशा में जातीय समीकरण :** ओडिशा में 94 प्रतिशत आबादी हिंदू, जिसमें 40 प्रतिशत एससी और जनजातीय आबादी शामिल है। जबकि राज्य में 2 प्रतिशत आबादी मुस्लिम और 3 प्रतिशत आबादी ईसाई आबादी है। लेकिन यहां की सियासत पर 5 प्रतिशत ब्राह्मणों और पटनायकों यानी करण-कायस्थ का लंबे समय सिक्का जमा हुआ है और यहां की सत्ता में पिछड़ों और एससी की हिस्सेदारी नाम मात्र ही कही जा सकती है। इसलिए ओडिशा में जाती या धर्म की सियासत के कोई मायने नहीं रखते।

## अब मामले में नया मोड़, पीड़िता बोली-मुझसे कोरे कागज पर साइन कराए गए

# संदेशखालि का वीडियो वायरल, सुवेंदु पर आरोप, महिला ने रेप की शिकायत ली वापस

एजेंसी/भाषा ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल की बहुचर्चित संदेशखालि घटना के संबंध में एक कथित वीडियो में दावा किया गया है कि भारतीय जनता पार्टी के एक स्थानीय नेता ने कई महिलाओं से सादे कागज पर हस्ताक्षर कराए और बाद में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ बलात्कार एवं यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराने में उसका इस्तेमाल किया गया। इसके बाद प्रदेश में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने संदेशखालि की घटना के बारे में विपक्षी भाजपा पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया है।

इससे कुछ ही दिन पहले एक अन्य वीडियो क्लिप सामने आई थी, जिसमें तृणमूल कांग्रेस के एक स्थानीय पदाधिकारी ने दावा किया था कि इस प्रकरण के पीछे पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी का हाथ है। हालांकि, अभी किसी ने भी वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं की है। वहीं अब इस पूरे मामले में नया मोड़ आ गया है। संदेशखाली मामले में दो महिलाओं ने टीएमसी नेताओं के खिलाफ रेप की शिकायत को वापस ले लिया है।



### पीड़िता का यू टर्न, नई शिकायत दी

संदेशखाली की तीन पड़िताओं में से एक ने बुधवार को यू-टर्न ले लिया है। पीड़िता ने दावा किया कि उसके साथ मारपीट नहीं की गई। उसने स्थानीय भाजपा नेता पर कोरे कागज पर साइन करने और शिकायत करने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। साथ ही कहा गया है कि महिला ने कथित तौर पर झूठे बलात्कार के आरोप को वापस लेने के फैसले के परिणामस्वरूप धमकियों और सामाजिक बहिष्कार का हवाला देते हुए संदेशखाली पुलिस स्टेशन में नई शिकायत दर्ज की। महिला ने आरोप लगाया है कि भाजपा महिला मोर्चा की स्थानीय पदाधिकारी और पार्टी के अन्य सदस्य उसके घर आए और उससे फर्जी शिकायत पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा।

### गंगाधर कोयल ने सीबीआई में शिकायत दर्ज करवाई

वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा के पूर्व नेता गंगाधर कोयल ने सीबीआई ऑफिस जाकर शिकायत दर्ज कराई है। उनका एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें उन्होंने कहा कि ये मेरे खिलाफ साजिश है। मुझे फंसाया जा रहा है। मेरी आवाज एडिट की गई है। भाजपा बंगाल इकाई अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया कि 'स्टिंग ऑपरेशन' फर्जी था और उन्हें शक है कि वीडियो एआई की मदद से बनाया गया है।

### तृणमूल ने निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज करवाई

पश्चिम बंगाल में संदेशखालि मामले को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग से भाजपा के नेता सुवेंदु अधिकारी एवं अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। तृणमूल कांग्रेस ने 'एक्स' पर वीडियो का यूट्यूब लिंक भी साझा किया है। तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष ने निर्वाचन आयोग को बृहस्पतिवार को एक पत्र सौंपा।

### फुटेज ममता-पुलिस को दिखाने से इनकार, आम लोगों को दिखाया



■ बंगाल गवर्नर पर यौन शोषण के आरोप का मामला

■ राज्यपाल ने पुलिस के आरोप को मनगढ़ंत बताया

कोलकाता। बंगाल गवर्नर सीवी बोस के खिलाफ 3 मई को यौन शोषण के आरोप में शिकायत दर्ज कराई गई है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा है कि महिलाओं के उत्पीड़न के मामले में वे राजभवन की सीसीटीवी फुटेज 100 लोगों को दिखाने के लिए तैयार हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा है कि वे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग कोलकाता पुलिस और सीएम ममता बनर्जी को नहीं दिखाएंगे। राजभवन के ग्राउंड फ्लोर पर सेंट्रल मार्बल हॉल में कुछ लोगों को दो मई शाम करीब 5.30 बजे की मुख्य (उत्तरी) गेट पर लगे दो सीसीटीवी कैमरों की फुटेज दिखाई गई। गौरतलब है कि राजभवन में संविदा पर नियुक्त महिला कर्मचारी ने गवर्नर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कोलकाता पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद कोलकाता पुलिस ने मामले की जांच के लिए एसआईटी बना दी है। बुधवार को राजभवन के एक्स हैंडल पर पोस्ट किया गया। जिसमें लिखा है- राज्यपाल ने पुलिस के आरोप को मनगढ़ंत बताया था।

## आईसीएमआर के संशोधित आहार दिशानिर्देश जारी

# अस्वास्थ्यकर आहार से 56.4 प्रतिशत बीमारियां, 'प्रोटीन सप्लीमेंट' से बचें

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने बुधवार को बताया कि भारत में 56.4 प्रतिशत बीमारियों का कारण अस्वास्थ्यकर आहार का सेवन करना है। आईसीएमआर ने आवश्यक पोषक तत्वों की आवश्यकताओं को पूरा करने, मोटापा और मधुमेह जैसी बीमारियों से बचने के लिए 17 प्रकार के आहार के सेवन के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए हैं। आईसीएमआर के तहत कार्यरत राष्ट्रीय पोषण संस्थान (एनआईएन) ने कहा कि पोषक तत्वों से भरपूर आहार खाने से हृदय संबधित बीमारियों और उच्च रक्तचाप को काफी हद तक कम किया जा सकता है और मधुमेह से भी बचा जा सकता है। इसने कहा, "स्वस्थ जीवन शैली अपनाने से समय से पहले होने वाली मौत को रोका जा सकता है। एनआईएन ने कम नमक खाने, तेल और वसा का कम मात्रा में उपयोग करने, उचित व्यायाम करने, चीनी और जंक फूड को कम खाने का आग्रह किया है। उसने मोटापे को रोकने के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और पोषक तत्वों से भरपूर भोजन का सेवन करने की सलाह दी है। आईसीएमआर-एनआईएन की निदेशक डॉ. हेमलता आर के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक बहु-विषयक समिति ने 'भारतीयों के लिए आहार संबंधी दिशानिर्देश' (डीजीआई) का मसौदा तैयार किया है और इसकी विभिन्न वैज्ञानिक समीक्षा भी की हैं। इसमें 17 तरह के आहारों को शामिल किया गया है। एक संतुलित आहार में अनाज और मिलेट (मोटे अनाज) से 45 प्रतिशत से अधिक कैलोरी नहीं होनी चाहिए। इसी तरह इसमें दालों, बीन्स और मांस से 15 प्रतिशत तक कैलोरी होनी चाहिए। उसने बाकी कैलोरी को प्राप्त करने के लिए सूखे मेवे, सब्जियों, फलों और दूध का सेवन करने की सलाह दी है।



■ **इन पर रखे ध्यान:** एनआईएन ने कम नमक खाने, तेल और वसा का कम मात्रा में उपयोग करने, उचित व्यायाम करने, चीनी और जंक फूड को कम खाने का आग्रह किया

## आज से चारधाम यात्रा शुरू



### पहले दिन खुलेंगे तीन धामों के कपाट

**देहरादून (भाषा)।** उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के कपाट शीतकाल के दौरान छह माह बंद रहने के बाद शुक्रवार को अक्षय तृतीया के पर्व पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे और इसके साथ ही चारधाम यात्रा का आरंभ हो जाएगा। मंदिर समितियों ने बताया कि केदारनाथ और यमुनोत्री के कपाट सुबह सात बजे खुलेंगे जबकि गंगोत्री के कपाट दोपहर बाद 12 बजकर 20 मिनट पर खुलेंगे। अन्य धाम बदरीनाथ के कपाट 12 मई को सुबह छह बजे खुलेंगे। मंदिर फूलों से सजाए जा रहे हैं।

## वैजयंतीमाला, चिरंजीवी, दिवंगत जज फातिमा पद्म पुरस्कार से सम्मानित

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुजरे जमाने की अभिनेत्री वैजयंतीमाला बाली, तेलुगू अभिनेता कोनिडेला चिरंजीवी, उच्चतम न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश (दिवंगत) एम फातिमा बीवी और 'बॉम्बे समाचार' के मालिक एच. एन. कामा समेत अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में भाजपा नेता ओ. राजगोपाल, लद्दाख के दिवंगत आध्यात्मिक नेता तोगदान रिनपोचे तथा तमिल अभिनेता दिवंगत 'कैप्टन' विजयकांत (दोनों मरणोपरांत), गुजराती समाचार पत्र 'जन्मभूमि' के समूह संपादक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कुंदन व्यास को भी पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वैजयंतीमाला (90) और चिरंजीवी (68) को पद्म विभूषण से नवाजा गया, वहीं बीवी, कामा, राजगोपाल, विजयकांत, रिनपोचे और व्यास को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। बीवी, विजयकांत और रिनपोचे के परिवार के सदस्यों ने पुरस्कार प्राप्त किए।



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति मुर्मू ने एन एच कामा को पद्म भूषण से सम्मानित किया।


### तमिलनाडु में पटाखा कारखाने में विस्फोट नौ लोगों की मौत

**विरुधुनगर (भाषा)।** शिवकाशी में बृहस्पतिवार को एक पटाखा कारखाने में आग लगने से पांच महिलाओं समेत नौ कर्मचारियों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि विरुधुनगर के शिवकाशी के पास सेंगमालापट्टी में पटाखा कारखाने में हुई दुर्घटना में पांच महिलाओं समेत नौ लोगों की मौत हो गई।

### पुलवामा में नाव डूबी दो लापता, सात का रेस्क्यू, तलाश जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के पम्पोर में बुधवार देर शाम झेलम नदी में एक नाव डूब गई। नाव पर 9 गैर-कश्मीरी लोग सवार थे, जिनमें से 7 लोगों को बचा लिया गया। हालांकि, दो लोग लापता हैं। दोनों यूपी के रहने वाले हैं। इनकी तलाश में जारी है। एसडीआरएफ, पुलिस प्रशासन और पैरामिलिट्री फोर्सेज रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे हुए हैं।

## भारत-मालदीव संबंध विकास, आपसी हितों पारस्परिक संवेदनशीलता पर हैं आधारित



■ विदेश मंत्री ने मालदीव के अपने समकक्ष के साथ की बातचीत

**नई दिल्ली (भाषा)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मालदीव के अपने समकक्ष मूसा ज़मीर के साथ बातचीत में कहा कि दोनों देशों के रिश्तों का विकास 'आपसी हित' और पारस्परिक संवेदनशीलता' पर आधारित है। छह महीने पहले मालदीव में चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने के बाद पहली उच्च स्तरीय यात्रा के तहत ज़मीर दिल्ली आए हैं। ज़मीर के साथ अपनी बातचीत शुरू करते हुए जयशंकर ने कहा, "करीबी और निकटतम पड़ोसी होने के नाते हमारे संबंधों का विकास स्पष्ट रूप से आपसी हितों और पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है।"





तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध उत्पाद से भिन्न हो सकता है। तस्वीर में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं। रंगों और किस्मों के आधार पर फीचर्स भिन्न हो सकते हैं। फाइनेंस ऑफर पर निर्णय लेने का अधिकार केवल फाइनेंसर का है। नियमों व शर्तों को पूरा करने पर ही फाइनेंस उपलब्ध कराया जाएगा। #स्रोत: जून 2001 से जून 2023 तक ब्रांड एक्टिवा की बिक्री के कुल आँकड़े। * नियम व शर्तें लागू।

न्यूनतम ब्याज दर @ 8.49%* | न्यूनतम EMI ₹2499* | डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें | ACTIVA 30 MILLION# HAPPY CUSTOMERS | CLICK BOOK RELAX

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: HARYANA: AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9813974232; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **SHAHBAD:** Basant Honda - 9416155053; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 9215593704; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9878885615; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25